


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 04, अंक 10 | ग्वालियर शनिवार 27 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


बंगाल में 8, असम में 3 और केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में एक चरण में वोटिंग

# 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव 27 मार्च से, परिणाम 2 मई को

नई दिल्ली।

**पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने शुक्रवार शाम को इसका ऐलान किया। पश्चिम बंगाल में 8 तो असम में 3 चरणों में चुनाव होंगे। केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में सिंगल फेज में 6 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। सभी 5 राज्यों के लिए 2 मई को नतीजे आएंगे। असम और पश्चिम बंगाल में 27 मार्च को पहले चरण की वोटिंग होगी। बंगाल में 29 अप्रैल को आठवें और आखिरी चरण की वोटिंग होगी। पांचों राज्यों को मिलाकर कुल 824 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होंगे। 18.6 करोड़ वोटर 2.7 लाख मतदान केंद्रों पर मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।**



इनमें से अकेले पश्चिम बंगाल में ही 1 लाख से ज्यादा मतदान केंद्र होंगे। कोरोना महामारी के मद्देनजर गाइडलाइंस का पालन करते हुए वोटिंग होगी और इसका समय एक घंटे बढ़ाया गया है। जमानत राशि ऑनलाइन जमा कराई जाएगी। उम्मीदवार समेत अधिकतम 5 लोग ही घर-घर जाकर वोट मांग सकेंगे। चुनाव से जुड़ी जानकारी के लिए आयोग ने टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया है। पुडुचेरी में कोई उम्मीदवार अधिकतम 22 लाख रुपये चुनाव प्रचार पर खर्च कर सकता है। लेकिन बाकी 4 राज्यों में किसी एक सीट पर कोई उम्मीदवार अधिकतम 38 लाख रुपये खर्च कर सकेगा। असम में पहले चरण के लिए 2 मार्च को नोटिफिकेशन जारी होगा। 47 सीटों पर चुनाव होंगे। 9 मार्च नामांकन की आखिरी तारीख। 12 मार्च तक पर्चा वापसी। 27 मार्च को चुनाव। दूसरे फेज में 49 सीटों पर चुनाव। 1 अप्रैल को वोटिंग। तीसरे फेज में 48 सीटों पर चुनाव। 6 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट। तीनों राज्यों में 12 मार्च से नामांकन। 22 मार्च तक पर्चा वापसी। 6 अप्रैल को वोटिंग। केरल की मलप्पुरम लोकसभा सीट के लिए भी 6 अप्रैल को वोटिंग। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर सिंगल फेज में चुनाव। कन्याकुमारी लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी 6 अप्रैल को वोटिंग। पुदुचेरी में भी 12 मार्च से नामांकन तथा 6 अप्रैल को मतदान होगा। पहले चरण में 5 जिलों में 27 मार्च को 30 सीटों पर वोटिंग। पुरुलिया, बांकुरा, झालग्राम, पश्चिमी मिदनापुर पार्ट 1, पूर्वी मिदनापुर पार्ट 1। दूसरे चरण में 30 सीटों के लिए 1 अप्रैल को वोटिंग। बांकुरा पार्ट 2, पश्चिम मिदनापुर पार्ट 2, पूर्व मिदनापुर पार्ट 2, दक्षिण परगना पार्ट 1। तीसरे चरण में 31 सीटों पर 6 अप्रैल को मतदान। चौथे चरण में 44 विधानसभा सीटों पर 10 अप्रैल को वोटिंग। हावड़ा पार्ट 2, हुबली पार्ट 2, दक्षिण परगना पार्ट 3, कूचविहार जिलों में मतदान। पांचवें चरण में 45 सीटों पर 17 अप्रैल को वोटिंग। छठे चरण में 43 विधानसभा सीटों पर 22 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट। सातवें चरण में 36 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान। आठवें और आखिरी चरण में 35 सीटों पर 29 अप्रैल को वोटिंग। चार राज्यों में विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल मई और जून में समाप्त हो रहा है।

## न्यूज ट्रैक




### चीन के विदेश मंत्री और जयशंकर के बीच हुई बातचीत,

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध पर 'मास्को समझौते% के क्रियान्वयन तथा सैनिकों की वापसी की स्थिति की समीक्षा की थी। चीन और भारत के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को संयुक्त बयान जारी किया और कहा कि समय-समय पर दोनों देशों के बीच में हर मुद्दों पर बातचीत होती रहेगी। चीन और भारत ने कहा कि हर मुद्दे को आपसी सहमति के आधार पर सुलझाएंगे। शांघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन से इतर पिछले साल 10 सितंबर को मास्को में हुई बैठक में जयशंकर और वांग यी ने पांच बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की थी।

### मुकेश अंबानी के घर के बाहर संदिग्ध कार मिलने से हड़कंप

मुंबई।

उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी के घर के बाहर संदिग्ध स्कॉर्पियो मिलने से गुरुवार को हड़कंप मच गया है। मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक से भरा एक वाहन पाए जाने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें जिलेटिन की 20 छड़ें बरामद हुई हैं। अंबानी के घर के बाहर छावनी से नजारा दिखा और मुंबई पुलिस और एटीएस की टीम रातभर जांच में जुटी रही। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि गामदेवी पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की अनेक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के बाहर कमांडो तैनात कर दिए गए, पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया है।



### डोभाल के प्रयास से रिश्ते ठीक होने की जगी आस

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम की घोषणा अगर वास्तविक रूप में अमल में आई तो इसका सकारात्मक असर दोनो देशों के कूटनीतिक रिश्तों पर भी देखने को मिल सकता है। जानकारों का मानना है कि जम्मू-कश्मीर में 4जी सेवा शुरू होना, भारत की पहल पर बुलाई गई पड़ोसी देशों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोविड जैसी स्थितियों से निपटने के लिए सुझाये गए उपायों का पाकिस्तान द्वारा समर्थन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के विमान को भारतीय एयर स्पेस के उपयोग की इजाजत देना और अब दो कदम आगे बढ़कर संघर्ष विराम पर परस्पर सहमति इस बात का संकेत है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों में बहुत कुछ चहलकदमी हो रही है।



## भोपाल में दिखा बंद का असर



**भोपाल।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के GST के कुछ प्रावधानों के विरोध में आज देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी बंद रहा। हालांकि यह स्वैच्छिक रहा, लेकिन इसका असर प्रदेश के पुराने बाजारों के साथ खास तौर पर थोक किराना व्यापार पर नजर आया। भोपाल में मुख्य रूप से थोक किराना समेत कई प्रमुख मार्केट बंद रहे। इसके कारण करीब 300 करोड़ के कारोबार का नुकसान हुआ।



## सरकारी कर्मचारियों के वेतन-पेंशन में देरी पर सरकार को देना होगा ब्याज

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सरकारी कर्मचारी अपना वेतन और पेंशन पाने के हकदार हैं। अगर सरकार कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के भुगतान में देरी करती है, तो सरकार को उसे उचित ब्याज दर के साथ वेतन और पेंशन का भुगतान करने के लिए निर्देशित किया जा सकता है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक पूर्व जिला और सत्र न्यायाधीश द्वारा दायर जनहित याचिका को अनुमति प्रदान की थी और जिसमें मार्च-अप्रैल 2020 के स्थगित वेतन का भुगतान 12 फीसदी प्रति वर्ष की ब्याज दर से वेतन का भुगतान करने तथा समान ब्याज दर के साथ मार्च 2020 के महीने के लिए लंबित पेंशन का भुगतान करने के लिए कहा गया।

हाईकोर्ट ने ऐमजॉन प्राइम वीडियो की हैड को लगाई फटकार

## देवी-देवताओं का मजाक अभिव्यक्ति नहीं : हाईकोर्ट

**मुंबई ।** हाईकोर्ट ने ऐमजॉन प्राइम वीडियो की हैड को फटकार लगाते हुए कहा कि देवी-देवताओं का मजाक अभिव्यक्ति आजादी नहीं है। दरअसल, वेब सीरीज तांडव पर होने वाला विवाद अभी तक इसके मेकर्स को परेशान किए हुए है। गुरुवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ऐमजॉन प्राइम की इंडिया हेड की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ऐमजॉन प्राइम वीडियो के खिलाफ एक एफआईआर की गई है जिसमें %तांडव% के मेकर्स के खिलाफ एक खास समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाए जाने का आरोप लगाया है। इस शिकायत में शिकायतकर्ता ने अपर्णा पुरोहित पर यूपी पुलिसकर्मियों का गलत चित्रण, हिंदू देवी-देवताओं और प्रधानमंत्री के किरदार को गलत तरह से पेश किए जाने का आरोप लगाया है। अपर्णा पुरोहित ने मामले में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी। इस याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस सिद्धार्थ ने कहा, %एक तरफ तो गलत तरीके से किरदार दिखाने के कारण एक बड़े समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है और दूसरी तरफ सवर्ण और दलित जातियों के बीच दूरी बढ़ाए जाने का काम किया है जबकि राज्य की जिम्मेदारी समुदायों के बीच की दूसरी को कम कर सामाजिक, सांप्रदायिक और राजनीतिक तौर पर उन्हें एक कर देश को जोड़ने का काम करना है।



## -प. बंगाल में अच्छे हाइवे बनेंगे, क्योंकि बीजेपी आ रही है : राजनाथ सिंह



**कोलकाता। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि क्या करूं मजबूर हूं, मैं दिल्ली से 100 पैसा भेजता हूं लेकिन नीचे तक 14 पैसे पहुंचते हैं। लेकिन पीएम मोदी ने कहा हम मजबूर नहीं मजबूत प्रधानमंत्री हैं। हम 100 पैसा भेजेंगे और 100 पैसा ही नीचे पहुंचेगा।**

रक्षा मंत्री ने कहा कि बंगाल में 34 साल सीपीएम और 10 साल टीएमसी की सरकार रहने के बावजूद बंगाल जो औद्योगिक राज्य के रूप में माना जाता था 44 साल में इन पार्टियों ने बंगाल को तबाह कर दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने पश्चिम बंगाल में हाईवे बनाने के लिए बहुत पैसे दिए है। हमें डर है कि ममता बनर्जी इसे लटका न दे, अटका न दे, भटका न दे। लेकिन मैं जानता हूं कि हाईवे के लिए जो पैसा दिया है अब वह न लटकेगा, न भटकेगा, न अटकेगा और हाईवे बनेगा क्योंकि टीएमसी जा रही है और बीजेपी आ रही है ।



## मेट्रो मैन ई श्रीधरन बीजेपी में हुए शामिल केंद्रीय मंत्री आरके सिंह रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** मेट्रो मैन के नाम से मशहूर केरल के ई श्रीधरन औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। श्रीधरन ने केरल के मलप्पुरम में बीजेपी के एक कार्यक्रम में पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री आरके सिंह भी मौजूद रहे। श्रीधरन ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह भाजपा में शामिल होकर राजनीति के मैदान में उतरेंगे। उन्होंने बीते सप्ताह ही कहा था कि अगर भाजपा चाहे तो वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और यदि पार्टी कहे तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए भी तैयार हैं। मेट्रोमैन के रूप में जाने जाने वाले और बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में कुशल माने जाने वाले 88 वर्षीय टेक्नोक्रेट ने यह भी कहा था कि उनका मुख्य उद्देश्य भाजपा को केरल में सत्ता में लाने में मदद करना है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोनः 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में 100 दीनदयाल रसोई केन्द्रों का किया वर्चुअल लोकार्पण

# गरीबों को भोजन उपलब्ध करवाकर प्राप्त करें अनमोल दुआएँ

भोपाल।

**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीबों को सुस्वादु और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर अनमोल दुआएँ प्राप्त करें। नगरीय निकाय और जो स्वैच्छिक संस्थाएँ यह कार्य कर रही हैं, निश्चित ही बधाई की पात्र हैं। भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाने से नारायण मिल जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मिंटो हाल में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत प्रदेश में सुदृढ़ीकृत और नवीन 100 रसोई केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-लिखाई और दवाई बुनियादी जरूरतें हैं। कहा भी गया है भूखे भजन न हो गोपाला।**



अन्न ही ब्रह्म है। अपने गाँव छोड़कर शहरों में आने वाले श्रमिक और अन्य लोग अपना और बच्चों का आसानी से पेट भर सकें, इस दृष्टि से रसोई केन्द्र उपयोगी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से प्रारंभ इस योजना का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिला मुख्यालयों के अलावा प्रमुख धार्मिक पर्यटन नगर योजना में जोड़े गए हैं। इसके अलावा अन्य कस्बों, नगरों में भी रसोई केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं। इनका विस्तार किया जाए। यह मानवता के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने कोरोना काल में भी एक स्थान से दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश से होकर जाने वाले प्रवासी मजदूरों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। सरकार ने संबल और अन्य अनेक योजनाएँ प्रारंभ की हैं, जो गरीबों के लिए अनाज, उनके इलाज और दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहयोग जैसे सभी आवश्यक प्रबंध करती हैं। प्रदेश में गरीबों के उपचार के लिए दो करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इसमें चिन्हित अस्पतालों में व्यक्ति को 5 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सभी गरीबों को आने वाले तीन वर्ष में पक्की छत मिलेगी। प्रदेश के करीब 3 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को अपना कारोबार विकसित करने के लिए 10 हजार रूपए प्रति हितग्राही के मान से ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों की भोजन व्यवस्था और उन्हें सहायता देने से दुआएँ मिलती हैं।

# पूर्व विधायक ने क्रेसर प्लांट पर किया जबरन कब्जा

## न्याय के लिए व्यापरी ने एसपी से की गुहारः फर्जी मुख्तयारनामा के जरिए साली के नाम पर प्लांट हथियाने का लगाया आरोप

**भिंड।**

सत्ता का दुरुपयोग करते हुए पूर्व विधायक गोहद द्वारा षडयंत्र रच कर फर्जी मुख्तयारनामा के आधार पर गोहद के पिपरसाना स्थित एक क्रेसर प्लांट पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। क्रेसर प्लांट संचालक राजेन्द्र प्रसाद खण्डेलवाल द्वारा इस मामले में भिंड एसपी मनोज कुमार को एक शिकायती आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। व्यापारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पिपरसाना में वर्ष 2017 में उसके द्वारा श्रीजी इंफ्राटेक फर्म के नाम से एक क्रेसर प्लांट लगाया गया था। जिसमें चेतन प्रकाश गुप्ता बतौर पार्टनर 40 प्रतिशत के हिस्सेदार साथ थे। इस हिस्सेदारी में गड़बड़ी करते हुए चेतन प्रकाश गुप्ता द्वारा खुद को श्रीजी इंफ्राटेक का पावर ऑफ अटर्नी धारक बताते हुए 16 दिसंबर 2020 को उक्त क्रेसर प्लांट भगवती इंफ्राटेक के नाम बेच दिया गया। ज्ञात हो कि भगवती इंफ्राटेक की हिस्सेदार मोनिका मौर्य पुत्री विद्याराम मौर्य पूर्व विधायक व भाजपा नेता रणवीर जाटव की साली हैं, जिनके द्वारा पिपरसाना स्थित क्रेसर प्लांट पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। राजेन्द्र प्रसाद खण्डेलवाल ने बताया कि उसका क्रेसर



कब्जाते हुए आरोपी शैलेन्द्र उर्फ (मुट्ठी)यादव व रणवीर जाटव पूर्व विधायक द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उल्लेखनीयह है कि इस हाई प्रोफाइल मामले की जानकारी पीड़ित द्वारा भिंड प्रशासन से लेकर प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह तथा जांच एजेंसियों तक से की गई है। इसके साथ ही पीड़ित व्यापारी राजेन्द्र प्रसाद खण्डेलवाल ने मामले में लीपापोती होने पर न्यायालय में प्रकरण की शिकायत की है।

**अधिकारियों से लेकर सीएम तक पहुंचा हाई प्रोफाइल मामला**



### लगाया प्रताड़ना का आरोपः

व्यापारी ने पूर्व विधायक रणवीर जाटव पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करते हुए उसके खिलाफ षडयंत्र रचा जा रहा है। जिसमें उसके डंफरों को जबरन गोहद थाने में जप्त कराने के साथ साथ, ग्वालियर स्थित मकान को अवैध घोषित कराने, फर्जी तरीके से आपराधिक प्रकरण दर्ज कराते हुए मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में व्यापारी द्वारा कई बार जिला व पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर अवगत कराया जा चुका है।

### किराए पर लेकर किया कब्जाः

उल्लेखनीय है कि व्यापारी राजेन्द्र प्रसाद खण्डेलवाल ने बताया कि 15 जुलाई 2020 को श्रीजी इंफ्राटेक के साथ करारनामा तैयार करते हुए उसका क्रेसर प्लांट किराए पर लिया था। जिसमें क्रेसर सहित सभी मशीनों एवं वाहनों का प्रयोग करने के संबंध में दोनों पक्षों के बीच लिखित करार हुआ था। इसके एवज में भगवती इंफ्राटेक द्वारा 1 करोड़ 32 लाख 75 हजार रुपए 30 नवंबर 2020 तक देने का वादा किया गया था। लेकिन उक्त समय सीमा के बाद भी उसे किरायानामा के तहत तय राशि का भुगतान नही किया गय है। जिसे मांगने पर आरोपियों द्वारा उसके प्लांट पर हथियारबंद बदमाशों को तैनात कर व्यापारी को धमकाना शुरु कर दिया गया है।इस पूरे प्रकरण में पूर्व विधायक रणवीर जाटव द्वारा राजीनामा कराते हुए दबाब भी बनाया गया था, जिसमें उसके साथ धोखाधड़ी कर प्लांट पर कब्जा कर लिया है।

### फर्जी मुख्तयारनामा से किया विक्रयः

गौरलब है कि इस व्यापारी का प्लांट कब्जाने के लिए आरोपियों द्वारा एक फर्जी मुख्तयारनामा तैयार किया गया है। रजिस्ट्रार कार्यालय भिंड में तैयार किए गए इस मुख्यतयारनामा में गवाह के बयान, दस्तावेज क्रमांक सहित पक्षकारों के फोटो नही लगाए और विक्रेता के रुप में उसके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद भी रजिस्ट्रार भिंड ओपी अंब द्वारा इसे सही मान कर इसी दस्तावेज के आधार पर चेतन प्रकाश गुप्ता द्वारा श्रीजी इंफ्राटेक के स्वामित्व के क्रेसर प्लांट को मोनिका मौर्य की फर्म भगवती इंफ्राटेक को दिनांग 16 दिसंबर 2020 को बिक्री कर दिया गया।

### इनका कहना

**वर्जन एस.पी भिंड मनोज कुमार सिंह द्वारा बताया गया है कि उनके पास कोई जानकारी नही है और न ही कोई ऐसा शिकायती आवेदन उनके पास आया है। जिला पुलिस कप्तान द्वारा पीड़ित व्यापारी के आवेदन की जांच हेतु लिखा गया था जिसके लिए पीड़ित व्यापारी को कार्यालय बुलाया गया था दस्तावेजों की जांच के बाद कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी**

**नरेंद्र सोलंकी**
**एसडीओपी गोहद**

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सत्यनारायण सेथिया उर्फ सत्ते सेथिया ने मुलाकात

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भिण्ड जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण सेथिया उर्फ सत्ते सेथिया ने मुलाकात कर जिले की पार्टी संगठनात्मक बिषयों को लेकर एवं नगरीय निकाय चुनावों को लेकर चर्चा की उनके साथ भिण्ड जिले के अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### कोविड-19 वैक्सीनेशन सेकंड डोज का टीकाकरण किया गया

**रानी पाली नेनाराम सिरवि पुष्पांजली टुडे**



**पाली।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम खेरवा स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड-19 वैक्सीनेशन का सेकंड डोज का टीकाकरण किया गया। कोविड-19 वैक्सीनेशन टीकाकरण को लेकर प्रथम चरण में किया गया टीकाकरण को लेकर सेकंड डोज के टीकाकरण के दौरान टीकाकरण किया गया। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सुरेश चौधरी एएनएम गायत्री व्यास रेखा रानी निर्मला चिकित्सा कार्मिक ओगड़ राम अनिल कुमार एवं मीनाक्षी एएनएम हसन संदीप कुमार की उपस्थिति में कोविड-19 वैक्सीनेशन को लेकर सेकंड डोज का टीकाकरण किया गया



### आजीवन सहयोग निधि की रसीद काटी

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी भिंड की तरफ से आजीवन सहयोग निधि की रसीद संतोष सिंह भदौरिया मंडल मीडिया प्रभारी द्वारा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के मार्गदर्शन में काटी गई वर्तमान सरपंच कुटरोली केसरी बाई पुत्र चरण सिंह जी कुटरोली एवं भूतपूर्व सरपंच जय सिंह गुर्जर जी किसनपुरा उनके साथ मे कुंदन सिंह साथ मे वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने कहा कि पार्टी हम सब कार्यकर्ताओं के लिए इतना सब कुछ करती है तो हमारा फर्ज है कि हम भी पार्टी को कुछ आर्थिक रूप से सहयोग करें जिससे पार्टी सुचारू रूप से चल सके इसलिए हम पार्टी को धन्यवाद देते हैं कि पार्टी ने हमे यह सौभाग्य दिया । हमे अपनी कमाई में से कुछ हिस्सा पार्टी रूपी माँ को जरूर दान देना चाहिये।जिससे पार्टी के सभी कार्य सुचारू रूप से चल सके।

## भिंड शहर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने नपा सीएमओ को दिया ज्ञापन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिंड शहर की विभिन्न समस्याओं और नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर नगर कांग्रेस भिंड के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने आज नगर पालिका सीएमओ सुरेंद्र शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे निम्न प्रकार है। 1 भिंड शहर में जगह-जगह सीवर लाइन और पानी की लाइन के नाम पर सड़कें खुदी पड़ी है जिससे आमजन को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से किया जावे। 2 भिंड शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं कचरा उठाने की व्यवस्था की जाए। 3 राशन कार्ड और मजदूरी कार्ड मैं खाद्यान्न पर्ची लगवाने के नाम पर हो रही अवैध वसूली को बंद किया जाए और पर्चियां लगवाई जाएं। 4 भिंड शहर में सुभाष चंद्र बोस तिराहे से लेकर इंदिरा गांधी चौराहे तक बनने वाली रोड की गुणवत्ता की जांच की जाए और सड़क गुणवत्ता पूर्वक बनवाई जाए। 5 मजदूरी कार्ड बनाने के नाम पर नगर पालिका में हो रहे लेनदेन को रोका जाए। 6 नगर में जगह-जगह जलभराव हो रहा है जिससे आम लोगों को निकलने में परेशानी है इस समस्या को तत्काल दूर किया जावे ।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा,नगर अध्यक्ष संजय भूता, पान सिंह, बाबूजी रतन चंद जैन,सेवादल श्रीमती रीना चौहान,महासचिव श्रीमती ममता मिश्रा, महासचिव निधि जाटव,अशोक गुप्ता, सचिव राहुल सिंह कुशवाह,आशुतोष शर्मा, महेश जाटव, सुरेश पाराशर, श्री कृष्ण नरवरिया, पिंटू शर्मा, दर्शन सिंह, तोमर प्रताप सिंह यादव, कुलदीप भारद्वाज, आनंद शांति स्वरूप शाक्य, दीपचंद तिवारी राजमणि शर्मा, राजू त्रिवेदी, निशांत पुरोहित,अनीस कुरैशी, संदीप शाक्य, अंकित पचौरी, आनंद शाक्य, राकेश शाक्य, रामहित शाक्य, गोविंद शाक्य, हरी कनेरिया, नीरज धकरे, पवन शर्मा, चंद्रपाल सिंह परिहार, दीपक दुबे दीपू ,वीर प्रकाश श्रीवास्तव, बृजेश जैन, शिवम दुबे, पवन कुमार शाक्य ,मोहर सिंह अगरिया, निधि जाटव, सुषमा खटीक, प्रतीक चौहान, अजय जैन, इमरान खान, धीरेंद्र सिंह, आशीष शर्मा, रामदयाल जाटव, राहुल सिंह कुशवाह, अंकित तोमर ,दुष्यंत सिंह सिंघाई, प्रमोद दीक्षित, बृजेंद्र कुमार , विपुल कुमार जैन, कौशलेंद्र सिंह ,कमलेश जाटव, अरविंद सोनी कपिल यादव आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## थाना महुआ पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में फरार 5000 रूपये के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे अम्बाह**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाण्डे द्वारा सम्पूर्ण जिले में गंभीर अपराधो के निराकरण हेतु उनमें फरार आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज सिह व इन्चार्ज एस.डी.ओ.पी. अम्बाह अनिल ठाकुर के दिशा निर्देशन में थाना महुआ पुलिस द्वारा थाने के अप000 02/21 धारा 307, 451, 294., 34 भादवि इजाफा धारा 25/27 आर्म्स एक्ट में फरार आरोपी को आज दिनांक 26.02.21 को ग्राम कसमडा से मुखबिर की सूचना से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी घटना दिनांक 03.01.21 से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था उक्त कार्यबाही में थाना प्रभारी महुआ पारथ सिंह परिहार सउनि जेपी शर्मा, सउनि राजेन्द्र विमल, आर प्रमोद शर्मा, आर कप्तान सिंह, आर. सियाराम आर. अनिल तोमर ,आर कौशलेन्द्र बौहरे का सराहनीय योगदान रहा।



**थाना अम्बाह पुलिस द्वारा**

## 2000-2000 रुपये के दो इनामी फरार स्थायी बारंटियो को किया गिरफ्तार

**केशब पंडित जी अम्बाह. पुष्पांजली टुडे**



अम्बाह... पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पांडे के निर्देशन पर जिले भर में फरार स्थाई वारटियो एंव इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत थाना अम्बाह पुलिस द्वारा थाना अंबाह के अप क्रे 778/20 एवं न्यायालय के प्रकरण क्र. 94/2। धारा 304बी.498034 ताहि धारा 3/4 दहेज एक्ट में फरार 2000-2000 के 02 इनामी फरार स्थायी वारंटियो को मुखबिर की सूचना पर से ग्राम कदमन का परा अम्बाह से गिरफ्तार किया गया ।जिन्हे न्यायालय पेश किया जावेगा। उक्त स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी में अम्बाह थाना प्रभारी , योगेन्द्र सिंह जादौन, उनि विवेक तोमर आर पुष्पेंद्र सिंह, आर चा0 धर्मेन्द्र परमार एवं म0आर0 हिंगली कन्नोज की विशेष भूमिका रही ।

## मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर संगीत मई रामायण सुनकर श्रोता हुए भाव बिहोर

**पुष्पांजली टुडे मेंहगांव-**



पांच महीनों से निरन्तरण चलरही रामायण मंशापूर्ण मनुमान मंदिर मुरैना तिराहे पर श्री सतीष जी कौशिक महाराज के द्वारा संगीतमय धुन पर सामूहिक संगीत मई रामायण पाठ की शुरुआत की गई ।कौशिक जी महाराज के साथ सैकड़ो लोगों ने एक साथ यह पाठ में भाग किया। कौशिक जी महाराज के द्वारा मंगलाचरण की दिव्य प्रस्तुति पर भक्तों ने जमकर भक्ति के सागर में डूबकी लगाई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध नजर आए और सभी सुंदरकाण्ड पाठ की भूरि-भूरि प्रशंसा करते नजर आए। कार्यक्रम महिलाओं व वालकों की उपस्थिति भी रही । प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ मंशापूर्ण हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से उपस्थित सभी भक्तगणों का आभार व्यक्त कर सदा इसी सहयोग की अपेक्षा का निवेदन किया इस मौके पर नरेश करैया रामहेत शुक्ला रामदत्त डमोले दिनेश पुरोहित पप्पू जोशी सुरेंद्र डमोले बनबारी पाराशर पालू पुरोहित सन्तोष जोशी रवि डमोले विजय सेंथिया मनीष शिवहरे सहित सैकड़ों भक्तों ने आनन्द लिया

## बजट के बाद सुमेरपुर आने पर विधायक कुमावत का किया गर्मजोशी से स्वागत



**सुमेरपुर।** विधानसभा सत्र के दौरान आम बजट में सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक जोराराम कुमावत की मांग को अहमियत देते हुए सरकार द्वारा चाणोद प्राथमिक चिकित्सालय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत ,तखतगढ़ में बालिका महाविद्यालय तथा सुमेरपुर में डीटीओ ऑफिस खुलने की घोषणा होने से विधायक के बजट के बाद जयपुर से सुमेरपुर आगमन पर खोड़ मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा कीरवा बस स्टैंड पर रोककर उन्हें साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया इस मौके मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकडा,मगाराम चौधरी किरवा , पुखराज पटेल , मुकेश सीरवी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष उम्मेदसिंह डेन्डा, नेमसिंह रावलवास,अमराराम चौधरी रामपुरा,गुंदोज मंडल उपाध्यक्ष कुपाराम चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष नारायणलाल कुमावत, बालराई सरपंच केसाराम कुमावत ,हेमावास सरपंच मोहन पटेल,टेवाली सरपंच जोगाराम कुमावत गिरधारीसिंह पीलवा बाबूलाल कुमावत, नरेंद्रसिंह पूर्व उपप्रधान पाली, मोहनसिंह शक्तावत, मानाराम मीणा मांडल , नारायण सिंह शक्तावत सहित ग्रामीण उपस्थित रहे । जिसमें ग्रामीणों ने विधायक से मांग की प्रत्येक विधानसभा में पांच करोड रुपए कि डामरीकरण सड़क का आम बजट में घोषणा होने से हमारे क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए कीरवा से चाचौडी व खुनीगुडा से मांडल डामरीकरण सड़क बनाने की मांग की।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु गोहद में 28 फरवरी को चयन

**गोहद (महेंद्र शर्मा) पुष्पांजली टुडे**

जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा द्वारा प्रेस को दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु भिंड जिले की टीम का चयन 28 फरवरी को गोहद में मध्य प्रदेश अमेच्योर और कबड्डी संघ द्वारा स्टेट चैंपियनशिप सीनियर वर्क का आयोजन सतना में 10 मार्च से 13 मार्च तक तथा जूनियर बालक बालिका वर्ग 18 से 21 मार्च मंदसौर में आयोजित होने जा रहा है जिसमें भिंड जिले की टीम के खिलाड़ी भी भाग लेंगे जिला स्तरीय चयन स्पर्धा 28 फरवरी 2021 को एचया रोड बीजा सेन मंदिर के सामने समय 11-00 बजे से संपन्न कराया जाएगा सीनियर वर्ग में भी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे चयन का वजन वर्ग 85द्मद्द से अधिक नहीं होना चाहिए तथा जूनियर बालक वर्ग में 75 किलो तथा बालिका वर्ग में 70 केजी से अधिक नहीं होना चाहिए इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ दो फोटो आधार कार्ड एवं अंकसूची साथ लावे अधिक जानकारी के लिए जिला कबड्डी संघ के सचिव अरविंद शर्मा से संपर्क किया जा सकता है चयनकर्ता के रूप में श्री देवेंद्र सिंह जी जादौन ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी गोहद एवं श्री वी डी माहौर पूर्व व्यायाम निदेशक उपस्थित रहेंगे , बैठक में केशव शर्मा राकेश कमलेश राजोरिया आदि सदस्य उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

## भगवत सहाय महाविद्यालय में छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्राचार्य कक्ष में दिया धरना



**विवेक चौहान, पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।**

देश के सबसे बड़ा संघठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने अपनी कई मांगों को लेकर भगवत सहाय महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में धरना प्रदर्शन किया । ABVP ने आन्तरिक मूल्यांकन एवम् कई असुविधा को लेकर प्राचार्य महोदया का दफ्तर घेरा यह प्रदर्शन 7 घंटे तक चलता रहा जिसमे कुछ प्रमुख मांगे ना पूरी होने के कारण छात्र मैदान में उतर आए प्राचार्य महोदया श्रीमती शुक्ला ओझा जी ने आश्वाशन दिया है कि जो समस्याओं को बताया गया है उन पर ध्यान दिया जायेगा और उन समस्याओं को खत्म किया गया। जिसमे काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे जिनमे से संजीव सिकरवार (हजीरा भाग उपद्यक्ष अभिषेक सिंह तोमर(झलकारी बाई नगर अध्यक्ष), जनप्रिय तोमर (नगर मंत्री) रीतिका भदौरिया (अपद्यक्ष), नेहा शाह (सहमंत्री),स्वयं सोनकर(सहमंत्री) प्रांत एवम् महानाकर के भी पदाधिकारी मौजूद रहे,



## पूरी क्षमता के साथ बैसली डैम का उपयोग हो तो इससे 50 वर्षों तक गोहद में पानी की समस्या नहीं आएगी- शैलेंद्र गुर्जर

**पुष्पांजली टुडे गोहद**

बैसली डैम सूख चुका है जलसंसाधन विभाग के द्वारा बैसली डैम में नहर से अभी तक डैम में पानी नहीं पहुंच पाया है। समस्या को हल करने की वजाय नगर पालिका प्रशासन व जलसंसाधन विभाग दोनों एक दूसरे पर पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। इसी को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के द्वारा विधायक मेवाराम जाटव के सरकारी आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया के निर्देशन में नगर पालिका परिषद गोहद का घेराव 1 मार्च 2021 को करने का निर्णय लिया गया। स्वर्गीय दशरथ सिंह गुर्जर के पुत्र शैलेंद्र सिंह गुर्जर ने बैठक में बोलते हुए बैसली डैम के कैचमेंट एरिया, वाटर लेवल क्षमता और कागजात के आधार पर इस डैम का पूरी क्षमता के साथ उपयोग किया जाए तो यह डैम आने वाले 50 वर्षों तक नगर की प्यास बुझा सकता है।

## एनसीसी कैंप में बी प्रमाण पत्र प्रशिक्षण शिविर का समापन



**केशब पंडित जी अम्बाह पुष्पांजली टुडे**

30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के द्वारा आयोजित बी एंड सी सर्टिफिकेट कैंप का आज तीसरा दिन था और बी सर्टिफिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन दिवस है जबकि ष्ट प्रमाणपत्र कैम्प समापन 28 फरवरी को होना है। आज प्रात: सभी कैडेट्स को 4 टुकड़ियों में विभाजित करके कैडेट्स को ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे कैडेटों ने पूर्ण तैयारी के साथ भाग लिया इसके बाद सभी कैडेट्स का ड्रिल टेस्ट लिया गया। आज डॉ डीएस यादव के द्वारा हेल्थ एंड हाइजीन पर कैडेट्स को अतिथि व्याख्यान दिया जाना प्रस्तावित है। आज कैडेट्स को स्टाफ के द्वारा एसएलआर एवं 2.2 राइफल से वाकफियत , उसका खोलना जोड़ना तथा उसे चलाने का पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया सभी कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक इस प्रशिक्षण को प्राप्त किया। इसके बाद सभी कैडेट्स को सेना से संबंधित वीरता पुरस्कार और परमवीर चक्र से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। आज %ब्% प्रमाण पत्र परीक्षा कैंप का समापन है आज सायंकाल कैंप समापन के बाद सभी कैडेट्स को कैंप प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। कैंप प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनिंग ऑफिसर के निर्देशन में सभी एएनओ, मेजर वीके जैन, कैप्टन मनोज शर्मा और लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने एक टीम के रूप में समस्त दायित्वों का निर्वहन किया। कैंप में पी आई स्टाफ सूबेदार मेजर बृजेश सिंह राजेंद्र चौधरी सूबेदार बलराम, सिंह नायक सूबेदार सियाराम गुर्जर राजकुमार राकेश सिंह भदोरिया भगवान सिंह सुनील पांडे वीर बहादुर परसराम ध्रुव घासीराम जितेन सिंह प्रदीप सिंह मौजूद रहे।

## ग्राहकों की पिसाई करने वाले लघु व्यापारी की चक्की पर खाद अधिकारी सेम्पल लेने पहुँची

### व्यापारी ने लगाए पेसो की मांग करने के आरोप

**गोहद**

खाद सुरक्षा अधिकारी रीना बसल जैन पिसाई केंद्र पर सेम्पल की कार्यवाही करने पहुची। ज्ञात हो कि जिस मसाला चक्की पर खाद विभाग की टीम कार्यवाही करने पहुची वह व्यापारी अपने मोहल्ले के ग्राहकों के मसालों की पिसाई कर अपना जीवन यापन करता है। एक तरफ भाजपा सरकार आत्मनिर्भर भारत का सपना सजोए लघु व्यापारीयो को विकसित कर छोटे छोटे उधोग स्थापित करवाकर आत्मनिर्भर भारत बनाना चाह रही है वही दूसरी तरफ उसी सरकार के अफसर सेम्पलिंग के नाम पर छोटे व्यापारियों पर दवाब बना रहे है। लोगो के मसाले पीसकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले व्यापारी पर इस तरह की कार्यवाही प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है।



**क्या है मामला :** खाद विभाग में पदस्थ खाद सुरक्षा अधिकारी रीना बसल बुधवार को गोहद कस्वे में कार्यवाही करने पहुची वह दोपहर 3 बजे के आसपास सती बाजार में स्थित जैन पिसाई केंद्र पर कार्यवाही करने पहुची। व्यापारी ने खाद सुरक्षा अधिकारी पर रुपयो की मांग करने का आरोप लगाया। लघु व्यापारी पर प्रशासनिक मनमानी की सूचना भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक जैन को लगी तो वह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पिसाई केंद्र पर पहुँचे व प्रशासनिक मनमानी के ख़िलाफ़ नाराजगी व्यक्त की। भाजपा कार्यकर्ताओं का व्यापारी के बाहर जमावड़ा देख खाद सुरक्षा अधिकारी द्वारा नायव तहसीलदार, एसडीएम व पुलिस फोर्स बुलवा लिया जिस पर भाजपा कार्यकर्ता भड़क गए व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम शुभम शर्मा की समझाइस के बाद भाजपा नेताओं ने ज्ञापन देकर खाद सुरक्षा अधिकारी रीना बसल को तत्काल निलम्बित करनें की मांग की। निलम्बित नही तो बाजार बंद ~ खाद सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ लामबंद हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर लघु व्यापारी के खिलाफ कूट रचित कार्यवाही का विरोध किया। भाजपा अध्यक्ष विवेक जैन ने खाद अधिकारी रीना बसल पर आरोप लगाते हुए कहा कि खाद अधिकारी बाजार के व्यापारियों से सेम्पल के नाम पर दवाब बनाकर वसूली करती है जो व्यापारी उनकी बात नही मानता उन्हें वह इसी तरह परेशान करती है।

**इनका कहना**

खाद विभाग के अधिकारी द्वारा सेम्पल की कार्यवाही करने पर हंगामा हुआ दोनों पक्षो को सुनकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

**सुभम शर्मा**
**एसडीएम गोहद**



## मुख्यमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का किया शुभारंभ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के शुभारंभ के अवसर पर पंडित श्री दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस योजना के माध्यम से जो गरीब हैं जो देहातों से आकर शहर में काम करते हैं जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर काम करते हैं उनको भोजन की व्यवस्था हो सके। इस योजना के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार। गरीब के लिए और क्या कर सकते हैं वह लगातार सोचते हैं। हर गरीब की मदद कर सकें। यह योजना इसी का परिणाम है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह छोह से संवाद करते हुए इंदौर निवासी कालू सिंह ने बताया कि मैं मजदूरी करता हूं। यह योजना बहुत अच्छी है। मैं लंच टाइम पर यहीं खाता हूं। ?10 में यहां पेटभर भोजन हो जाता है। और खाना भी बढ़िया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह छोह से संवाद करते हुए उज्जैन निवासी श्री संतोष ने बताया ?कि मकानों की पुताई का काम करता हूं। रसोई केंद्र में अच्छा भोजन मिलता हूं। योजना अच्छी है। इसे लगातार चलते रहना चाहिए।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चोह से संवाद करते हुए धार निवासी बाबू सिंह ने बताया कि रसोई केंद्र में सब्जी,रोटी,दाल, चावल मिलता है। योजना अच्छी है। हर गरीब को खाना मिलता रहना चाहिए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से संवाद करते हुए मुरैना निवासी श्री शकील ने बताया कि मैं रसोई केंद्र में भोजन करता हूं। यहां बहुत बढ़िया भोजन मिलता है। लॉकडाउन में भी इसी से भोजन ग्रहण किया था।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब के बेटे- ?बेटियों को भी पढ़ने और बढ़ने का हक। 2 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाएं हैं, जिनमें चिंहित अस्पतालों में 5 लाख तक इलाज ?फ्री में मिलेगा। आज अलग-अलग 100 जगह यह योजना शुरू कर रहे हैं जरूरत पड़ी तो और करेंगे। हमने कई संस्थाओं को भी जोड़ा है।

## ग्वालियर नगर में स्वदेशी जागरण मंच महिला इकाई की बैठक संपन्न हुई



**गोहद (महेंद्र शर्मा) पुष्पांजली टुडे ग्वालियर**

स्वदेशी जागरण मंच महिला इकाई की ग्वालियर नगर में प्रथम बैठक पटेल नगर सिटी सेंटर में संपन्न हुई। स्वदेशी जागरण मंच महिला इकाई कि प्रांत प्रमुख डॉक्टर प्रतिभा चतुर्वेदी, डॉक्टर राजरानी शर्मा,श्रीमती सुरभि जी शर्मा उपस्थित रही। इस बैठक में स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने, आत्मनिर्भर बनने, व स्वावलंबी बनने पर जोर दिया गया डॉक्टर राज रानी शर्मा ने स्वावलंबन पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि महिलाओं को स्वाबलंबी बनने की बहुत आवश्यकता है क्योंकि अगर महिला स्वावलंबी व होगी तो वह अपने परिवार समाज प्रदेश व देश को स्वाबलंबी बना सकेगी महिलाओं को वही सुरभि शर्मा जी ने कहा कि आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार भी कई तरह के कदम उठा रही है हर जगह महिलाओं को पुरुषों की बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है जिससे कि वह हर कार्य स्वयं कर सके वह किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहे इसलिए हमें जागरूक होकर हर कार्य करना चाहिए महिलाएं घर की मुखिया होती है वह घर चलाती है इसलिए स्वदेशी वस्तुओं के घर में इस्तेमाल की जिम्मेदारी भी हमारी बनती है यदि हम स्वयं स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे तो हमारे बच्चे व परिवार के सभी सदस्य करेंगे तभी हम आत्मनिर्भर बन सकेंगे स्वदेशी जागरण मंच महिला इकाई मध्यभारत की प्रांत कोषाध्यक्ष डॉक्टर प्रतिभा चतुर्वेदी जी ने अपने उद्बोधन मैं कहां कि स्वदेशी जागरण मंच पूरे प्रांत में घर घर जाकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए जन जागरण अभियान चलाएगे ।स्वदेशी जागरण मंच घर-घर जाकर स्वदेशी और विदेशी वस्तुओं की सूची बनाकर पत्रक वितरण करेगा और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए आग्रह करेंगे क्योंकि अगर हम स्वदेशी वस्तुओ का उपयोग करेंगे तो देश का पैसा देश में रहेगा साथ ही देश के प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी क्योंकि आज हमारे भारतीय बाजार पर विदेशी कंपनियों ने कब्जा जमा कर रखा है जिससे आज हमारे देश में रोजगार के अफसर भी पूरी तरह से खत्म होते जा रहे हैं अगर हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे तो इसके माध्यम से लोगों को रोजगार भी मिलेगा और वह आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे केंद्र सरकार का वोकल फॉर लोकल का फॉर्मूला इसी दिशा में काम कर रहा है। आज की इस बैठक में कल्पना, डॉली, नीतू, ज्योति, रंजना, दीप्ति, अनिता, पल्लवी,काजल,अंशुल,नीलम,गीता,सु नीता, ममता, व नगर की अन्य प्रमुख महिलाएं उपस्थित रही।



## खाद सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ लामबंद हुई भाजपा

## घूसखोरी के लगाए आरोप 2 दिन में कार्यवाही न करने पर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने की दी चेतावनी

**गोहद।**

गोहद भारतीय जनता पार्टी गोहद के कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम परिसर में एकत्रित होकर रीना बसल मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के अनुसार खाद सुरक्षा अधिकारी रीना बसल द्वारा भाजपा कार्यकर्ता पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही की गई। जब कार्यकर्ता द्वारा कार्यवाही के कोई शासकीय दस्तावेज मांगे गए तो खाद अधिकारी द्वारा 10000 रुपए में मामला रफा दफा करने की कहा गया। रीना बसल द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए कार्यकर्ता की सामाजिक छवि को धूमिल किया। एक तरफ प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत लघु व कुटीर उधोगो को बढ़ावा दे रहे है। दूसरी ओर भृष्ट व घूसखोर अफसर अवैध वसूली करने हेतु गरीब मजदूरों व छोटे व्यवसाइयों पर फर्जी कार्यवाही का भय दिखाया जा रहा है। जिससे आम नागरिक परेशान है। रीना बसल द्वारा मिठाई, किराना, दूध डेयरी व छोटे व्यवसाइयों से अवैध वसूली की जा रही है जिससे समस्त व्यापारी त्रस्त है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को सम्बंधित अधिकारी पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए दो दिन की चेतावनी दी है अगर दो दिन में प्रशासन द्वारा सम्बंधित अधिकारी पर कार्यवाही नही की गई तो भाजपा कार्यकर्ता नगर के व्यापारियों के साथ एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देंगे। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से विवेक जैन, सुरेश बोहरे, आशीष शर्मा, प्रमोद कामत, रामसिया जाटव, भीकम कौशल, अविनाश भटेले, विद्याराम शेजवार, महेश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, रवि शर्मा, दीपक तोमर, बादशाह सिंह तोमर, केपी राठौर, धर्मेंद्र गुर्जर, प्रतिभा सोनी, राजेश नागर, पिंकी सगर, कौशल भटेले, प्रदीप भारद्वाज, जुगल सोनी, सौरभ पांडेय, सन्तोष राठौर, विक्रम यादव, विनोद माहौर, सन्तोष प्रजापति, राहुल खुरासिया, लाखन सिंह गुर्जर, अनिल भारद्वाज, विनय भारद्वाज, अशोक जैन, प्रकाश कुशवाह, राधेश्याम गौड़, ओर भी एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीए

# टीके से डर दूर हो

भारत में कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन उतनी तेजी से नहीं बढ़ रहा, जितनी तेजी से अब एक्टिव केस बढने् लगे हैं। देश में रोज एवरेज 4 लाख टीके लग रहे हैं। 10 दिन पहले यह औसत 3.71 लाख था। यानी सिर्फ 7.20त्न की बढ़ोतरी। दूसरी ओर कोरोना के मरीज 10 दिन में ही 1.37 लाख से बढ़कर 1.49 लाख हो गए हैं। यानी, 7.87 फीसदी ज्यादा। देश में कुल 3 करोड़ हेल्थ-फ्रंटलाइन वर्कर्स हैं, जबकि टीके 1.17 करोड़ ही लग पाए हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी के आखिर तक सभी वर्कर्स को टीके लगाने का लक्ष्य रखा था। इसे बढ़ाकर मार्च कर दिया गया है। यह लक्ष्य भी अब काफी दूर नजर आ रहा है, क्योंकि अभी पौने 2 करोड़ हेल्थ-फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन की एक डोज भी नहीं लग पाई है। कोरोना महामारी से निपटने के लिए देश में टीकाकरण अभियान का पहला चरण जोरों पर होने के दावे भले किए जा रहे हों, लेकिन टीका लगवाने को लेकर कोरोना योद्धाओं के भीतर अभी भी डर बना हुआ है। पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों को टीका देने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें चिकित्सक, नर्सें और अस्पताल कर्मचारी शामिल हैं। पर ज्यादातर जगहों पर स्वास्थ्यकर्मी टीका लगवाने से परहेज कर रहे हैं। सवाल है कि टीके को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच आखिर इस तरह का अविश्वास और भय क्यों है। पिछले महीने जब टीकाकरण शुरू हुआ था, तब भी पहले ही दिन दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने कोवैक्सीन टीका लगवाने से इनकार कर दिया था। दूसरे राज्यों से भी इस तरह की खबरें आईं कि पहले ही दिन बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी अपनी बारी पर टीका लगवाने नहीं पहुंचे। अब एक महीने बाद भी अगर यही स्थिति है कि स्वास्थ्यकर्मी टीका नहीं लगवा रहे हैं, तो यह चिंता पैदा करने वाली बात है। सच तो यह है कि टीके को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच डर के कुछ कारण हैं। जैसे शुरुआती दौर में टीका लगवाने के बाद दो-तीन लोगों की जान चली जाने की खबरें आईं। इससे लोगों के बीच यह गलत संदेश चला गया कि टीका पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। पर बाद में जांच में पता चला कि टीका लगवाने के बाद जो मौतें हुईं, उनका कारण टीका नहीं था। कुछ लोगों में टीका लगवाने के बाद जिस तरह के प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिले, उससे भी टीके को लेकर असुरक्षा की भावना पनपी। इन घटनाओं के बाद टीका बनाने वाली कंपनियों ने दिशानिर्देश जारी कर बता भी दिया था कि किन लोगों को टीका नहीं लगवाना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी स्पष्ट कर दिया था कि कोरोना के दोनों टीके-कोविशील्ड और कोवैक्सीन पूरी तरह से कारगर और सुरक्षित हैं। टीकाकरण के पहले ही दिन नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डा. वीके पॉल ने भी टीका लगवा कर इसके सुरक्षित होने का प्रमाण दिया था। इसलिए अब भी अगर टीकों को लेकर डर बना हुआ है तो यह हैरानी की बात है और इस भय को दूर करने की जरूरत है। अब समस्या यह खड़ी हो रही है कि अगर स्वास्थ्यकर्मी ही टीका लगवाने से पीछे हटेंगे तो आम लोग टीकाकरण के लिए कैसे प्रेरित होंगे। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए टीकाकरण इसलिए भी जरूरी है कि उन्हें ही महामारी की इस चुनौती का सबसे ज्यादा सामना करना है। अभी भी हम कोरोना के प्रकोप से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाए हैं। महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों में फिर से फैलता संक्रमण बता रहा है ।

# बच्चों का नैतिक विकासपारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर निर्भर

**परिवार यानी माता-पिता बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला है। उसमें भी 'माँ' की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण है। अगर माता-पिता अपने बालक से प्रेम करते हैं और उसकी अभिव्यक्ति भी करते हैं, उसके प्रत्येक कार्य में रुचि लेते हैं, उसकी इच्छाओं का सम्मान करते हैं तो बालक में उत्तरदायित्व, सहयोग सद्भावना आदि सामाजिक गुणों का विकास होगा और वह समाज के संगठन में सहायता देने वाला एक सफल नागरिक बन सकेगा। अगर घर में ईमानदारी सहयोग का वातावरण है तो बालक में इन गुणों का विकास भलीभाँति होगा, अन्यथा वह सभी नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर स्वच्छंदता करेगा,और समाज के प्रति घृणा का भाव लिये समाज के प्रति विद्रोही बन जायेगा।**

बच्चों का नैतिक विकास उसके पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर निर्भर होता है। जन्म के समय उनका अपना कोई मूल्य, धर्म नहीं होता, लेकिन जिस परिवार/समाज में वह जन्म लेता है,उसी दिशा में उसका विकास होता है। शिक्षालय के पर्यावरण का भी बालक के मानसिक स्वास्थ्य पर पर्याप्त प्रभाव पड़ता है। उसका अपने शिक्षक तथा सहपाठियों से जो सामाजिक संबंध होता है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को शिक्षा देने के लिए सबसे पहले तो उन्हें प्यार करना चाहिए। शिक्षक जब बच्चों को प्यार करता है, अपना हृदय उन्हें अर्पित करता है, तभी वह उनमें श्रम की खुशी, मित्रता व मानवीयता की भावनाएँ भर सकता है। शिक्षक को बाल हृदय तक पहुँचना होता है।वह शाला में ऐसा वातावरण बनाए विद्यालय घर बन जाए। जहाँ भय न हो, केवल सौहार्द हो। केवल तभी वह बच्चों को अपने परिवार, स्कूल और देश से प्रेम करना सिखा सकेगा, उनमें श्रम और ज्ञान पाने की अभिलाषा जगा सकेगा। बाल हृदय तक पहुँचना यही है। शिक्षण का सार है-छात्रों और शिक्षकों के मन का मिलन। सद्भावना और विश्वास का



वातावरण। परिवार जैसा स्नेह और सौहार्द। बच्चों के प्रकृति-प्रदत्त गुणों को मुखारित करना, उनके नैतिक गुणों को पहचानना और सँवारना, उन्हें सच्चे ईमानदार और उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठावान नागरिक बनाना शिक्षक का ध्येय है। हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती है। माता-पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। व्यक्तित्व-विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्त्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। बालक के व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। ज्यों-ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात् कर लेता है, जिसमें वह बड़ा होता है, व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं। आज समाज में जो वातावरण बच्चों को मिल रहा है, वहाँ नैतिक मूल्यों के स्थान पर भौतिक मूल्यों को महत्त्व दिया जाता है, जहाँ एक अच्छा इंसान बनने की तैयारी की जगह वह एक धनवान, सत्तावान समृद्धिवान बनने की हर कला सीखने के लिए प्रेरित हो रहा है ताकि समाज में उसकी एक 'स्टेटस' (?)बन सके। माता-पिता भी उसी दिशा में उसे बचपन से तैयार करने लगते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं का अधिक से अधिक अर्जन ही व्यक्तित्व विकास का मानदंड बन गया है।पर माता-पिता को ऐसे प्रयास करने चाहिए,जिससे वे बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का विकास भी कर सकें और मानवीय संवेदनाएँ भी जगा सकें ताकि उनके चरित्र को मानवीय रिश्तों की खुशबू और बंधुत्व की भावना महका सके। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम सबके सामूहिक प्रयासों से बच्चों को भविष्य की दुनिया और समाज के साथ तालमेल बनाने और उसके अनुरूप अपने जीवन को निर्मित करने के पूरे अवसर मिलें।आज आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को सही प्रेरणा, सही मार्ग-दर्शन व सही परामर्श के साथ स्वस्थ पारिवारिक एवं सामाजिक वातावरण मिले।

# सामाजिक न्याय बनाम आरक्षण

समाज एक से अधिक लोगों के समुदायों से मिलकर बने एक वृहद समूह को कहते हैं जिसमें सभी व्यक्ति मानवीय क्रियाकलाप करते हैं। मानवीय क्रियाकलाप में आचरण,सामाजिक सुरक्षा और निर्वाह आदि की क्रियाएं सम्मिलित होती हैं।मनुष्य सामाजिक प्राणी है।मनुष्य सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है।अन्य प्राणियों की मानसिक शक्ति की अपेक्षा मनुष्य की मानसिक शक्ति अत्यधिक विकसित है।समाज रूपी मकान जब न्याय रूपी स्तम्भ पर खड़ा होता है तो ऐसा समाज सौम्यता,समानता और शांति का प्रतीक होता है।सामाजिक न्याय (सोशल जस्टिस )की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है।सामाजिक न्याय अर्थात समानता का अधिकार।न्याय ही समाज में फैली तमाम तरह की बुराईयों और गैर-सामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने, उन्हें सजा देने तथा तमाम नागरिकों के नैतिक और मानवाधिकारों की रक्षा करता हैं। यह दिवस खास कर समाज में फैली असमानता और भेदभाव जैसी कुरीतिओं के प्रति तेजी से उठ रहे असमानता और भेदभाव से सामाजिक न्याय की मांग को देखते हुए कई कानून बने लेकिन आज भी यह बुराई हमारे समाज में फैली हुयी हैं । इसे दूर करने के लिए कई बार विचार विमर्श हुए और इसके निदान के लिए कई अभियान भी चलाये गए।लेकिन फिर भी अभी तक समाज से यह बुराई नहीं मिट पायी।सामाजिक न्याय एक सपना का सपना ही बना रहा।समाज में फैली भेदभाव और असमानता के कारण मानवाधिकारों का हनन लगातार होता रहा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 200। में 20 फरवरी के दिन को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रुप में मनाने की घोषणा की थी।अतएव विश्व में प्रत्येक वर्ष 20 फरवरी के दिन को विश्व सामाजिक न्याय




दिवस (वर्ल्ड डे ऑफ़ सोशल जस्टिस) के रूप में मनाया जाता हैं।विश्व सामाजिक न्याय दिवस का आयोजन विभिन्न सामाजिक मुद्दों,जैसेङ्क बहिष्कार, बेरोजगारी तथा गरीबी से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।इसी दिवस को सफल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के लोगो के द्वारा सामाजिक न्याय हेतु अलग अलग तरह के कैम्प लगाये जाते हैं और लोगो को सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक किया जाता हैं।विश्व सामाजिक न्याय दिवस- 2021 का थीम / प्रसंग है ÷ अंकीय अर्थव्यवस्था में सामाजिक न्याय का आह्वान ।÷(ए कॉल फॉर सोशल जस्टिस इन द डिजिटल इकोनॉमी)।अंकीय अर्थव्यवस्था (डिजिटल इकोनॉमी) का अर्थ उस अर्थव्यवस्था से है जो अंकीय संगणन की प्रौद्योगिकी (जैसे कम्प्यूतर, इन्टरनेट) आदि पर आधारित हो। कभी-कभी इसे इन्टरनेट अर्थव्यवस्था, नयी अर्थव्यवस्था, या वेब अर्थव्यवस्था भी कहते हैं। विश्व में डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य करने की क्षमता को नया आयाम दे रही है। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी,क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा के विस्तार ने डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रसार को बढ़ावा दिया है। डिजिटल अर्थव्यवस्था समाज के कई कार्य क्षेत्रों में प्रवेश कर चुका हैं। वर्ष 2020 की शुरुआत से,कोविड-19 महामारी के परिणामों ने विश्व में दूरस्थ कार्य व्यवस्था को जन्म दिया है। डिजिटल प्लेटफार्म ने कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया को वेब /इंटरनेट के माध्यम से जोड़े रखा। डिजिटल प्लेटफार्म ने समाज के प्रत्येक कार्य क्षेत्र में जैसे शिक्षा,बैंकिंग,सुरक्षा,एंटरटेनमेंट आदि को काफी मजबूती प्रदान करी। डिजिटल प्लेटफार्म ने कई व्यावसायिक गतिविधियों की निरंतरता को बनाए रखा ।अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले उत्सव और प्रतिस्पर्धा का लोगो ने डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से जमकर लुफ्त उठाया।डिजिटल प्लेटफार्म ने न्याय व्यवस्था को समाज से जोड़े रखा है।कोरोना महामारी के दौरान समाज को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने में डिजिटल प्लेटफार्म ने अहम् भूमिका निभाई है ।डिजिटल प्लेटफार्म पर लोगो ने अर्थव्यवस्था के विकास और प्रभाव को और मजबूती प्रदान की है। डिजिटल लेबर प्लेटफ़ॉर्म मज़दूरों को आय-सृजन के अवसर और लचीली कार्य व्यवस्था से लाभ प्रदान करते हैं।कई देशों के नियामक प्रतिक्रियाओं ने डिजिटल श्रम प्लेटफार्मों पर काम करने की स्थिति से संबंधित कुछ मुद्दों को संबोधित करना शुरू कर दिया है। हालाँकि, अंतर्राष्ट्रीय नीति संवाद और समन्वय की आवश्यकता है क्योंकि डिजिटल श्रम मंच कई न्यायालयों में काम करते हैं। राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बहु-हितधारक नीति संवाद और समन्वय को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है ताकि देशों और मंच कंपनियों द्वारा प्रतिक्रियाओं की विविधता को देखते हुए नियामक निश्चितता और सार्वभौमिक श्रम मानकों की प्रयोज्यता सुनिश्चित की जा सके। भारत में अशिक्षा, ग़रीबी, बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता ज्यादा है। इन्हीं भेदभावों के कारण सामाजिक न्याय बेहद विचारणीय विषय हो गया है। डॉ? मार्टिन लूथर किंग, जूनियर (15 जनवरी 1929 ङ्क 4 अप्रैल 1968) अमेरिका के एक पादरी,आन्दोलनकारी(ऐक्टिविस्ट)एवं अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता थे। उन्हें अमेरिका का गांधी भी कहा जाता है। मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि ÷जहां भी अन्याय होता है वहां हमेशा न्?याय को खतरा होता है।

## चिंतन मंथन

# सोच समझकर हो प्रशंसा

अक्सर जब तुम प्रशंसा करते हो तो किसी और की तुलना में करते हो। किसी एक की प्रशंसा करने में हम किसी दूसरे को नीचा दिखाते हैं और किसी की गलती को दर्शाने के लिए हम दूसरे की प्रशंसा करते हैं। कुछ लोग प्रशंसा करने में कंजूस होते हैं और कुछ शर्मीले। कुछ लोगों को प्रशंसा करनी नहीं आती और प्रशंसा करना भूल जाते हैं। कुछ व्यक्ति मतलब के लिए प्रशंसा करते हैं और कुछ तुम्हें उठाने के लिए। कुछ और लोग अपने आत्मविश्वास की कमी को छुपाने के लिए स्वयं की प्रशंसा करते हैं। किन्तु वास्तविक प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से निकलती है। जो प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से आती है, वह स्वरूप से आती है और बिल्कुल भिन्न होती है। साधारणत- प्रशंसा लालसा और दम्भ से आती है। उन्नत चेतना की अवस्था से आई प्रशंसा पूर्णता से उभरती है। निन्संदेह प्रशंसा चेतना को उभारती है और उत्साह व ऊर्जा लाती है। परंतु साथ ही यह घमंड भी ला सकती है। प्रशंसा करना भी एक कौशल है। जब कोई तुम्हारी प्रशंसा करता है, तो क्या तुम बिना शर्माए उसे स्वीकार करते हो? बिना शर्माए प्रशंसा को स्वीकार करना भी एक कुशलता है। तुम किसी की प्रशंसा कब करते हो? जब वे कुछ अनोखा करते हैं, असाधारण, जो उनके स्वभाव के अनुसार नहीं है। जब एक दुष्ट व्यक्ति कोई समस्या पैदा नहीं करता, तब तुम उसकी तारीफ करते हो। या कोई व्यक्ति जिसे भला नहीं समझते, जब कुछ नेक काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। जब कोई भला आदमी अत्यन्त असाधारण काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। यदि कोई बच्चा एक प्याली चाय बनाता है तो तुम प्रशंसा करते हो, परंतु वही एक प्याली चाय यदि मां बनाए तो तुम शायद तारीफ न करो, क्योंकि उसके लिए यह नियमित कार्य है। इन सभी स्थितियों में जिन कार्य की तुम प्रशंसा करते हो, वे अल्पकालिक हैं, उनके आचरण से अलग या उनके स्वभाव के विपरीत। तो जब तुम किसी चीज के लिए किसी की प्रशंसा करते हो, तुम संकेत करते हो कि वे लोग साधारणत- ऐसे नहीं हैं। इसका मतलब है कि वह कार्य उनके स्वभाव में नहीं और इसीलिए वे अपनी प्रशंसा चाहते हैं- यह एक विरला गुण या कृत्य है। प्रशंसा एक अलगाव के भाव, एक दूरी को इंगित करती है, इसीलिए प्रशंसा करते समय सावधान रहो।

# हाय मंहगाई कितना तड़पाई

अंजलि रायजादा

2014 से अभी तक जिस %अच्छे दिन आने वाले हैं % जैसे लोक लुभावन नारे का इंतज़ार देश की आम जनता को था वह शायद आ चुके हैं। अंतर केवल इतना है कि यह अच्छे दिन उनके हैं जिन्होंने सत्ता संरक्षण में आपदा को अवसर में बदलने के हुनर को अपनाया या उस सरकार व सत्ताधीशों के अच्छे दिन आ चुके जिन्होंने कोरोना संकट के बहाने अकूत धनराशि विभिन्न माध्यमों से इकट्ठी की और अनेकानेक जनहितकारी योजनाओं को भी समाप्त कर दिया। जबकि जो आम जनता गला फाड़ फाड़ कर चीख़ा करती थी कि -%बहुत हुई मंहगाई की मार - अब की बार मोदी सरकार% उस आम जनता के हिस्से में सिर्फ़ और सिर्फ़ भीषण मंहगाई ही आ चुकी है। देश के इतिहास में पहली बार प्रीमियम पेट्रोल की क़ीमत भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश में 100 रूपये प्रति लीटर से पार कर चुकी है। जबकि महाराष्ट्र में भी 100 रूपये प्रति लीटर का आंकड़ा छूने के क़रीब है। तेल ही नहीं बल्कि तेल कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस का दाम भी एक बार फिर 50 रूपये प्रति सिलिंडर बढ़ा दिया है। फ़रवरी में दूसरी बार गैस का दाम इतना ज़्यादा बढ़ाया गया है। इसके पूर्व 4 फ़रवरी को भी रसोई गैस का दाम 25 /- सिलिंडर मंहगा किया गया था।अर्थात गैस की क़ीमतें मात्र 15 दिनों के भीतर 75 /-प्रति सिलिंडरबढ़ चुकी हैं।जबकि दिसंबर से अब तक 125 रूपये प्रति सिलिंडर का इज़ाफ़ा हो चुका है। इसी प्रकार पेट्रोल की क़ीमत भी एक वर्ष के दौरान 17 रूपये प्रति लीटर से अधिक बढ़ चुकी है।लगभग यही अनुपात डीज़ल की मूल्य बढ़ोतरी का भी है। इस तेल मूल्य वृद्धि से आहत देश के सबसे बड़े परिवहन संगठन %द आल इण्डिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस% ने तो सरकार को चेतावनी दे डाली है कि यदि तेलों में हुई मूल्य वृद्धि यथा शीघ्र वापस नहीं ली गयी तो राष्ट्रव्यापी हड़ताल भी बुला सकती है।



ग़ौर तलब है देश भर में लगभग 95 लाख ट्रकों व लगभग 50 लाख बसों के अतिरिक्त हज़ारों टूरिस्ट ऑपरेटर्स का भी प्रतिनिधित्व करती है। यदि यह संस्था हड़ताल करती है तो भी पूरे देश के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। और यदि तेल की बढ़ी क़ीमतों के अनुसार किराया भाड़ा बढ़ाती है तो माल भाड़े की ढुलाई मंहगी होने से लगभग सभी चीज़ों के दाम तो बढ़ेंगे ही साथ साथ लोगों की यात्रा भी काफ़ी मंहगी हो सकती है।

मंहगाई के मसले पर स्वयं कुछ कहने या किसी विपक्षी नेता की मंहगाई पर टिप्पणी का ज़िक्र करने से बेहतर यही होगा कि 2014 में केंद्र की सत्ता में आने की जद्दोजहद के दौरान जब गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी देश की भोली भाली जनता के हमदर्द बनकर उनके बीच चिकनी चुपड़ी बातें किया करते थे और मंहगाई को लेकर ऐसे दुखी नज़र आते थे गोया इनके सत्ता में आते ही मंहगाई उड़न छू हो जाएगी, उसी दौर का उन्हीं का विभिन्न स्थानों पर दिए गए एक भाषण का ज़िक्र करना बेहद प्रासंगिक होगा। तब मोदी जी इन शब्दों से तत्कालीन संप्रग सरकार पर हमलावर होते थे - % मंहगाई कहाँ से कहाँ पहुँच गई है,एक तरफ़ जी डी पी का गिरना दूसरी तरफ़ मुद्रास्फ़ूर्ति का बढ़ना,प्रधानमंत्री कहते हैं फ़लानी तारीख़ के बाद मंहगाई कम हो जाएगी,फ़सल के बाद मंहगाई कम हो जाएगी ,बजट के बाद मंहगाई कम हो जाएगी ,दीवाली के बाद मंहगाई कम हो जाएगी,हर तीन महीने बाद यही कहते थे,अब तो मंहगाई के विषय में बोलना ही छोड़ दिया है। उन्हें चिंता नहीं है। और उन्होंने वादा किया था कि 100 दिन में मंहगाई कम करेंगे। प्रधानमंत्री जी आप मंहगाई कम कर पाओ या न कर पाओ कम से कम अटल बिहारी वाजपेई जहां छोड़ गए थे वहां तो ला के रख दो। वहां तो लेकर रख दो तब भी ग़रीब के घर में चूल्हा जलेगा।% प्रधानमंत्री के भाषण में उस समय जो आत्मविश्वास झलकता था उसे देख सुनकर जनता ख़ूब तालियां भी पीटती थी और यक़ीन भी करती थी कि वास्तव में देश को कोई नेहरू -इंदिरा से बड़ा नेता और मनमोहन सिंह से महान अर्थ शास्त्री मिल गया है जो देश की जनता के अच्छे दिन लाए बिना मानने वाला नहीं। परन्तु आज आप इन्हीं भाजपाइयों के मंहगाई पर तर्क सुनें तो वह हैरान करने वाले हैं ? मंहगाई कम करने के प्रति इनकी गंभीरता के बजाए इनकी प्राथमिकताएं देखनी हों तो इन दिनों बंगाल और आसाम में इनकी व्यस्तताएं,प्राथमिकताएं व सक्रियता देख सकते हैं। जबकि इनके प्रवक्ता जो संप्रग सरकार में जनता के इतने हितैषी नज़र आते थे कि ज़रा सी भी मंहगाई बढ़ने पर अर्ध नग्न होकर प्रदर्शन किया करते थे। आज इनसे पूछिए कि रसोई गैस क्यों इतनी मंहगी कर दी? जवाब मिलेगा हमने उज्ज्वला के तहत जनता को फ़्री गैस कनेक्शन दिया। तेल क्यों मंहगा किया तो जवाब यह तो कंपनियां निर्धारित करती हैं और तेल का दाम तो अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार तय करता है,सरकार नहीं। गोया संप्रग सरकार को मंहगाई को लेकर कटघरे में खड़ा करने वाले आज मंहगाई को जायज़ ठहरने में लगे हैं। और यदि विपक्षी दल आवाज़ उठाएं तो 70 साल शासन करने वाले पहले अपना हिसाब दें जैसी बेवक़ूफ़ाना बातें सुनें । या राष्ट्रद्रोही,अराजक,आन्दोलनजीवी,देश विरोधी जैसे तमग़े धारण करने को तैयार रहें। बहुमत के नशे में चूर केंद्र सरकार यह भी नहीं सोच रही कि जिस कोरोना काल ने करोड़ों लोगों को बेरोज़गार किया। जिस संकट ने करोड़ों लोगों को आधी या उससे भी कम मासिक आय पर काम करने के लिए मजबूर कर दिया। करोड़ों लोग ग़रीबी रेखा से नीचे आ गए आज वही लोग आख़िर किस तरह इस भीषण मंहगाई में आपने पेट पालेंगे ? जब सरकार संकट में है तो देश की बेरोज़गार ग़रीब जनता का क्या हाल होगा? आज प्रधानमंत्री के ही वाक्य के अनुसार - प्रधानमंत्री जी आप मंहगाई कम कर पाओ या न कर पाओ कम से कम मनमोहन सिंह जहां छोड़ गए थे वहां तो ला के रख दो। तब भी ग़रीब के घर में चूल्हा जलेगा। त्ता पर बहुमत का अहंकार हावी हो जाए और जनता निराश हो जाए तो सत्ता से शिकवा करने के बजाए यही कहना बेहतर होगा कि -%हाय मंहगाई -तुझे क्यों मौत न आई% ?

# हां मैं कुछ नहीं करती!

आशा के पति हेमन्त का तबादला गाज़ियाबाद से दिल्ली हुआ। हेमन्त बैंक मे नौकरी करता है। दिल्ली बहुत मंहगा शहर होने की वजह से अच्छी जगह किराए पर मकान नहीं ले सकता, तनख्वाह पूरी नहीं पड़ती बड़ा परिवार है । आशा प्राइवेट ट्यूशन देती है।



परिवार का स्वभाव अच्छा मिलनसार होने की वजह से आस-पड़ोस में जल्दी ही दोस्ती हो जाती है। एक बार हेमन्त की छुट्टी है तो पड़ोसी के साथ मिलकर पिकनिक का प्रोग्राम बनाते हैं। सब मिलकर पिकनिक पर गए।

वहां पर पड़ोसन जो खाना बहुत ही लज़ीज़ बनाती है, कुछ स्नेक्स बना कर ले गई। आशा का परिवार बहुत ही चाव से खाता है।

आशा, अरे भाभी जी आप इतना अच्छा खाना कैसे बना लेती है, दरअसल मुझे तो समय ही नहीं मिलता, इसलिए जो बन पड़ता है जल्दी से बना के परोस देती हूं, या कभी - कभी बाहर से मंगा लेते हैं, हम दोनों ही तो काम करते हैं, खाना बनाने का समय कहां से मिले, सुबह-सुबह 7 बजे उठकर रात को 10बजे तक व्यस्त ही रहते हैं। आप तो शायद कुछ नहीं करती ना, मेरा मतलब कोई जॉब ?

पड़ोसन, हां भाभी जी सच कहा आपने मैं कुछ नहीं करती, बस केवल सुबह 5बजे उठती हूं, गाय रखी है ताकि सभी को घर का साफ़-सुथरा दूध, दही, मक्खन और घी मिल सकें, बस पहले दूध दोहना, फिर सबके लिए नाश्ता, फिर झाड़ू-पोंछा, बर्तन मांजना , कपड़े धोना, क्योंकि आपकी तरह हमारे यहां काम वाली बाई नहीं है ना। तब दोपहर के खाने का समय हो जाता है, फिर दोपहर के खाने के बाद फिर से बर्तन मांजना और शाम की चाय के साथ कुछ स्नेक्स बनाती हूं, फिर जो धुले कपड़े है उन्हें प्रैस करना और फिर रात के खाने की तैयारी जब सब खाना खा लेते हैं तब उसके बाद 11 बजे मैं आराम से बैठकर खाना खाती हूं फिर रात को बर्तन मांजकर किचन समेट कर 12 बजे तक खाली हो जाती हूं और फिर आराम से सोती हूं, बस यही करती हूं और मैं कुछ नहीं करती, क्योंकि मैं हाउसवाइफ हूं ना

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर)**



# बालीवुड में डेब्यू करेंगी इसाबेला कैफ

बॉलीवुड की सफल एक्ट्रेस कैटरीना कैफ की बहन इसाबेला कैफ ने अब ?फिल्मी दु?निया की ओर रुख ?किया है। वह फिल्म 卐सुस्वागतम खुशामदीद卐 से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर पुलकित सम्राट लीड रोल में हैं। इस ?फिल्म का डायरेक्शन धीरज कुमार ने किया है। हाल ही में पूरी हुई इस फिल्म की शूटिंग की अक्सर तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती रहती थी। इसाबेला कैफ खुद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी नई-नई फोटो और वीडियो करती रहती हैं। इसाबेल की फैन फॉलोइंग भी काफी है। इसाबेला कैफ भी अपनी बहन कटरीना की तरह काफी ग्लैमरस और खूबसूरत है।

इसाबेला अक्सर अपनी बहन और बॉलीवुड स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ के साथ नजर आती है। सूत्रों के मुता?बिक, इसाबेला फिल्म के सेट पर काफी उत्साहित रहती हैं। इसाबेल ने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी दी। इसाबेल ने पुलकित सम्राट के साथ एक फोटो शेयर किया है। इसाबेला के को एक्टर पुलकित सम्राट भी उनकी तारीफ करते हैं। पुलकित ने कहा ?कि %इसाबेला कैफ बहुत ज्यादा मेहनत करती थी और उनके साथ काम करके मजा आया%। फिल्म %सुस्वागतम खुशामदीद% एक सामाजिक सरोकार के साथ दर्शकों का मनोरंजन भी करेगी। इस फिल्म में पुलकित दिल्ली के लड़के अमन की भूमिका में हैं तो इसाबेल आगरा की नूर की भूमिका में हैं। बता दें ?कि इस ?फिल्म के अलावा इसाबेला कैफ फिल्म ÷टाइम टू डांस÷ में भी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन स्टैंनली डिकोस्टा ने किया है। इस फिल्म में सूरज पंचोली की अहम भूमिका है।



# जैकलीन ने लिया राजस्थानी भोजन का आनंद

मुंबई। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज अपनी अगली फिल्म %बच्चन पांडे% के लिए राजस्थान के जैसलमेर में शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान वह स्थानीय व्यंजनों का भी खूब लुफ्त उठा रही हैं। वह देसी भारतीय व्यंजनों की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं और देश के जिस भी कोने में जाती हैं, वहां का लोकल फूड खाने का एक भी मौका अपने हाथ से जाने नहीं देती हैं। यही वजह है कि भारत में आउटडोर शेड्यूल के दौरान उनका लंच सीन देखने लायक होता है। फिल्म के सेट से एक सूत्र ने बताया, 卐जैकलीन बहुत बड़ी फूडी हैं, यानी वह दिल से बिल्कुल देसी हैं। वह स्थानीय भारतीय भोजन इस कदर पसंद करती हैं कि भारत मे जहां भी जाती हैं, वहीं वह स्थानीय व्यंजनों का स्वाद जरूर चखती हैं। वह खुद रिसर्च कर पारंपरिक स्थानीय व्यंजनों का पता लगती हैं और फिर से उनका आनंद लेती हैं।

# 6 अगस्त को रिलीज होगी अतरंगी रे

**मुंबई।** अक्षय कुमार के फैंस के लिए दो गुड न्यूज बैक-टू-बैक आईं। %बेल बॉटम% के बाद %अतरंगी रे की रिलीज डेट सामने आ गई है। दोनों फिल्में इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्षय कुमार, सारा




अली खान और धनुष स्टारर फिल्म 'अतरंगी रे' के मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट को जारी कर दिया है। ये फिल्म 6 अगस्त 2021 के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में पहली बार दर्शक अक्षय, सारा और धनुष के बीच का एक बड़ा लव ट्रायंगल देखेंगे। फिल्म 'अतरंगी रे' मार्च, 2020 में फ्लोर पर आ गई थी, लेकिन कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन के चलते इसे रोकना पड़ा था। इसके बाद फिल्म की टीम ने दिसंबर, 2020 में एक बार फिर शूटिंग शुरू कर दी थी और नए साल के पहले शूटिंग पूरी कर दी थी। इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं। फिल्म की कहानी बेहद रोमांटिक है।

# मनीष मल्होत्रा के साथ नजर आई रवीना




**मुंबई।** फिल्म मोहरा की एक्ट्रेस रवीना टंडन भी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ कई प्रोजेक्ट्स में काम चुकी हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी स्टनिंग सेल्फी, थ्रोबैक फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। उन्होंने हाल में अपनी एक खास तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर की है। वह इस फोटो में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ नजर आ रही हैं। रवीना इस फोटो के कैप्शन में लिखती हैं, %इतने सालों की एक खूबसूरत दोस्ती। आपके लिए सिर्फ प्यार। रवीना ने फिर से कई प्रोजेक्ट्स में काम करना शुरू कर दिया है। फिल्मों की शूटिंग की अनुमति मिलने के तुरंत बाद उन्होंने काम करना शुरू कर दिया था। उन्हें कैमरे का जल्द ही सामना करना पड़ा। एक्ट्रेस ने लॉकडाउन के बाद सबसे पहले एक विज्ञापन फिल्म के लिए शूटिंग की, जिसके लिए उन्होंने खुद अपने बाल संवारे और मेकअप किया। इसके तुरंत बाद वह एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए पहाड़ों पर चली गईं और लंबे समय तक वहां रहीं और यहां तक ??कि वहीं त्योहार भी मनाए। काफी व्यस्तता के बावजूद उन्होंने परिवार के साथ समय बिताया। एक्ट्रेस जानवरों से बहुत प्यार करती हैं। हाल में उन्होंने लगभग 10 पपीज की जान बचाई थी। बता दें कि हाल ही में रवीना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने पिता के साथ भी एक पुरानी फोटो शेयर की थी। उन्होंने यह खास फोटो अपने पिता के जन्मदिन के मौके पर शेयर की थी। इस ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में रवीना काफी छोटी हैं और अपने पिता रवि टंडन के साथ दिख रही हैं। उन्होंने यह तस्वीर को शेयर करते हुए अपने पापा को जन्मदिन की बधाई दी है।



# तापसी-प्रतीक गांधी करेंगे एक साथ काम

अभिनेत्री तापसी पन्नू और अभिनेता प्रतीक गांधी नई फिल्म ÷वो लड़की है कहां÷ में एक साथ नजर आने वाले हैं। यह पहली बार होगा जब दोनों को साथ में स्क्रीन स्पेस पर देखा जाएगा। इस फिल्म को अरशद सैयद द्वारा निर्देशित और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित ?किया जाएगा। इस खबर की पुष्टि करते हुए ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, ÷तापसी और प्रतीक गांधी की नई फिल्म की घोषणा। दोनों एक साथ वो लड़की है कहां में नजर आएंगे, जो 2021 के आखिरी में शुरू होगा। इसको अरशद सैयद डायरेक्ट करेंगे और सिद्धार्थ रॉय कपूर प्रोड्यूस करेंगे।÷ वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय तपसी पन्नू के पास रश्मि रॉकेट, लूप लैपेटा, हसीन दिलरुबा, दोबारा और शाबाश मिठू जैसी अच्छी प्रोजेक्ट्स हैं। वहीं, प्रतीक ÷स्केम 1932÷ में नजर आए ?थे।



# कबीर बेदी अप्रैल में लॉन्च करेंगे अपनी आत्मकथा

दिग्गज अभिनेता कबीर बेदी अप्रैल में अपनी आत्मकथा लॉन्च करने जा रहे हैं। अ?भिनेता ने इंस्टाग्राम के ज?रिए अपनी किताब की लॉन्चिंग की तारीख बताते हुए कहा ?कि इसे उन्होंने भावनात्मक ईमानदारी के साथ लिखा है। 75 वर्षीय अभिनेता की इस किताब का नाम ÷स्टोरीज आई मस्ट टेल- द इमोशन जर्नी ऑफ एन एक्टर÷ है। कबीर बेदी ने अपनी पोस्ट में लिखा ?कि ÷मेरी आत्मकथा अप्रैल 2021 में आ रही है। इसे वेस्टलैंड बुक्स द्वारा प्रकाशित किए जाने पर रोमांचित हूं। इस पुस्तक में मैंने अपना दिल खोलकर रख दिया है और इसे भावनात्मक ईमानदारी से लिखा है। जीत और हार, उपलब्धियों और गलतियों, यादों और पछतावों, प्यार, नफा-नुकसान की कहानियां।÷ इससे पहले उन्होंने कहा था ?कि ÷यह मेरी जिंदगी की कहानी है, जिसे कई कहानियों के जरिए बताया गया है। मुझे लगता है कि इसे पढ़ने के बाद लोग एक व्यक्ति के तौर पर मेरी जीत, हार, उपल?ब्धियों और गलतियों को समझ पाएंगे। दुनिया में कई जगह मेरे दोस्त, परिवार के लोग और प्रशंसक हैं।

# पीके के सीक्वल में रणबीर कपूर आएंगे नजर,प्रड्यूसर विधु कर रहे तैयारी

**मुंबई ।** आमिर खान और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट फिल्म %पीके% का अब सीक्वल बनने जा रहा है। इसमें आ?मिर खान की जगह रणबीर कपूर के नजर की खबर है। हालां?कि, इस फिल्म के लास्ट सीन में भी वह दिखाई दिए थे। खबर है ?कि प्रड्यूसर विधु विनोद चोपड़ा ने इसकी पूरी तैयारी भी कर ली है। अब वह जल्द ही %पीके% का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। ?विधु ने कहा ?कि फिल्म के आखिरी सीन में रणबीर कपूर का कैरक्टर दूसरे प्लैनेट से धरती पर आता है। अब रणबीर फिल्म की कहानी को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा ?कि फिल्म के राइटर अभिजात जोशी ने अभी तक फिल्म की कहानी नहीं लिखी है और जब कहानी पूरी हो जाएगी तो फिल्म बनानी शुरू कर दी जाएगी। विधु विनोद चोपड़ा का कहना है कि वह मजबूत कहानियों पर फिल्म बनाना पसंद करते हैं। अक्सर फिल्मों के सीक्वल चल जाते हैं लेकिन विधु का कहना है कि अगर वह फायदा कमाने के लिए फिल्म बनाते तो वह 6-7 सीक्वल मुन्नाभाई सीरीज के और 2-3 सीक्वल पीके सीरीज के बना चुके होते। बता दें कि %पीके% का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया था जिन्होंने मुन्नाभाई सीरीज की दोनों फिल्मों के अलावा 3 इडियट्स और संजू जैसी फिल्में बनाई हैं। अगर पीके का सीक्वल बनता है तो संजू के बाद हिरानी की रणबीर के साथ यह दूसरी फिल्म होगी। बता दें ?कि ?फिल्म %पीके% में आमिर खान और अनुष्का शर्मा के अलावा सुशांत सिंह राजपूत, बमन ईरानी, संजय दत्त, परीक्षित साहनी और सौरभ शुक्ला मुख्य भूमिकाओं में थे।



मुख्यमंत्री ने जनता के नाम संदेश में कहा....

# मास्क पहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें

**भोपाल ।** मप्र में कोरोना की रफ्तार फिर बढने् लगी है। इसको लेकर सरकार चिंतित है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को जनता के नाम संदेश में कहा की कोरोना की रफ्तार को रोकने के लिए सबको सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के निर्देशों का पालन करें। हर व्यक्ति मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र से सटे जिलों के लोगों से अपील की कि वे महाराष्ट्र जाने से बचें। जो लोग मजदूरी के सिलसिले में सड़क मार्गों से रोजाना महाराष्ट्र जाते हैं उन्हें सरकार प्रदेश में ही रोजगार देगी।




**12 जिलों में लगाया जा सकता है नाइट कर्फ्यू:** मप्र में सरकार की चिंता महाराष्ट्र से सटे जिलों को लेकर है, जहां सड़क मार्गों से सैकड़ों लोग रोजाना मप्र में आते हैं। इसके देखते हुए भोपाल, इंदौर के अलावा महाराष्ट्र की सीमा से लगे छिंदवाड़ा, बैतूल, खरगोन, धार, बड़वानी समेत 12 जिलों में नाइट कर्फ्यू लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार देर शाम कोरोना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेंगे, जिसमें मुख्य रूप से 12 जिलों की रिपोर्ट पर चर्चा होगी। इंदौर में बीते एक सप्ताह से 100 से अधिक केस आ रहे हैं, जबकि भोपाल में यह संख्या 50 और 100 के बीच है। इसी को देखते हुए भोपाल और इंदौर में क्राइसिस मैनेजमेंट की आपात बैठक बुलाने के साथ सख्ती की गई है। कमेटी अब 24 घंटे के अंदर इन दोनों शहरों में किस तरह की और क्या सख्ती की जा सकती है, इसे लेकर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेज दी गई है।

### शिवराज बोले-लॉकडाउन नहीं लगेगा

मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण फिर से पांव पसार रहा है। इसके बाद से सरकार अलर्ट पर है। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी जिलों में कोरोना की स्थिति की समीक्षा बैठक की। इसमें सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में फिलहाल लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश में कुछ दिनों से कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे में कोरोना प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जाए। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराई जाए। लोग बार-बार हाथ धोएं। लक्षण होने पर जांच कराएं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के मजदूर मजदूरी के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं, वे अन्य राज्यों में न जाएं, उन्हें मनरेगा के अंतर्गत गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इसके लिए प्रदेश में लॉकडाउन नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि इंदौर, भोपाल, बैतूल, जबलपुर, छिंदवाड़ा आदि जिलों में कोरोना के मामले बढने् से वहां विशेष सावधानी रखी जाए। इंदौर में 139, भोपाल में 70, बैतूल में 15, जबलपुर में 14 और छिंदवाड़ा में 09 नए मामले मिले हैं। इंदौर की पॉजिटिविटी रेट 6.6 प्रतिशत और भोपाल की 4.5 प्रतिशत है।

# बच्चों को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक संस्कार भी दे




**भोपाल।** पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक संस्कार भी दें। इससे उनके आत्म-विश्वास और उत्साह में वृद्धि होगी। सुश्री ठाकुर ए.टी. शाहानी अशासकीय कन्या विद्यालय में आयोजित नव युवक सभा के सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री सुश्री ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री सुश्री ठाकुर ने ए.टी. शाहानी और के.टी. शाहानी विद्यालय के वर्ष 2019-20 में 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि आप जिस भी इष्ट को मानते हो, उनकी प्रार्थना अपने बच्चे को अवश्य याद कराएँ। रोज प्रार्थना करने से बच्चों का आत्म-बल बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान ए.टी. शाहानी विद्यालय की छात्राओं ने नारी शक्ति पर केंद्रित %ऊंची हुई दीवारें%, %हम दीप शिक्षा के% और सिंधी भाषा में %इन्हें सिंध जा मांहू% सिंधी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर पार्षद राजेश हिंगोरानी, नव युवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, सचिव महेश दयारामानी, प्रिंसिपल सुश्री ज्योति चौहान सहित विद्यालयीन छात्रा और अभिभावक उपस्थित थे।

## वित्त और वाणिज्यिक कर मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारीः लॉकडाउन में शराब से सरकार को हुई 6563 करोड़ की कमाई

**भोपाल ।** राज्य सरकार ने कोरोना में ठप आर्थिक गतिविधियों और लॉक डाउन के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जनवरी माह तक 32573.90 करोड़ रुपये का राजस्व पेट्रोल, डीजल और शराब से अर्जित किया है। फरवरी और मार्च में यह राजस्व पिछले वित्त वर्ष के राजस्व को पार कर जाने की उम्मीद जताई जा रही है। वित्त और वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेट्रोल-डीजल और शराब से हुए आमदनी की जानकारी देते हुए विधायक मनोज चावला के सवाल पर लिखित जवाब में बताया गया कि चालू साल में जनवरी मास तक पेट्रोल से 3844.17 करोड़ और डीजल से 4959.38 करोड़ रुपए राज्य सरकार ने कमाए हैं। इसी तरह शराब से दिसम्बर 2020 तक की स्थिति में 6563.20 करोड़ की आमदनी हो चुकी है। हालांकि शराब से हुई आमदनी पिछले वित्त वर्ष में हुई आय से 16.08 प्रतिशत कम बताई जा रही है। वाणिज्यक कर मंत्री के अनुसार डीजल पर वर्तमान में 23 प्रतिशत वैट, 3 रुपए प्रति लीटर अतिरिक्त कर और सकल विक्रय पर एक प्रतिशत उपकर वसूला जाता है। इसी तरह पेट्रोल पर 33 प्रतिशत वैट, 4.50 रुपए प्रति लीटर अतिरिक्त कर और सकल विक्रय पर एक प्रतिशत उपकर राज्य सरकार वसूल रही है।



## बूथ अध्यक्ष होता है भारतीय जनता पार्टी की हर जीत का आधार - विष्णुदत्त शर्मा

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी कैडरबेस्ड पार्टी है। हमारे यहां कार्यकर्ताओं की मेहनत के आधार पर ही चुनाव जीते जाते हैं। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक बनाने वाली अगर कोई ताकत है तो वह हमारे बूथ अध्यक्ष हैं। बूथ सक्षम और शक्तिशाली बनें, इसके लिए बूथ सशक्तीकरण अभियान में जुटें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रीवा के संभागीय कार्यालय अटल कुंज में बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में कही। सम्मेलन को पार्टी के प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी संबोधित किया। मंच पर पूर्व मंत्री व विधायक राजेन्द्र शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, योगेश ताम्रकार, संभागीय संगठन मंत्री श्याम महाजन, जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह उपस्थित थे। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा में अगर सबसे मजबूत कोई इकाई है तो वह बूथ समिति है। हमारे केन्द्रीय गृह मंत्री और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी बूथ अध्यक्ष रहे हैं। एक बूथ अध्यक्ष में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना कहीं अगर संभव है तो सिर्फ भाजपा में है और यही भाजपा की विशेषता है। क्योंकि यह पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हमारी यही पद्धति है। इस पद्धति के आधार पर ही हमारे यहां कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। श्री शर्मा ने कहा कि हमारे यहां कहा जाता है कि बूथ जीता तो चुनाव जीता, क्योंकि बूथ अगर शक्तिशाली होगा तो हर चुनाव में विजय होगी। उन्होंने कहा कि हम बूथ को शक्तिशाली सिर्फ चुनाव के लिए नहीं बनाते, हमारे पास राजनीति के साथ सामाजिक दायित्व भी हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सिर्फ राजनीति करने के लिए नहीं है, हम समाज को आगे बढ़ाने वाले लोग हैं। हमारे पूर्वजों ने हमें यह मंत्र दिया है कि सेवा ही संगठन है। इसे हमने कोविड काल के दौरान गरीब मजदूरों और असहायों की मदद करके साबित किया है। इस दृष्टि से हमें समाज सेवा के लिए अपने बूथ को भी मजबूत करना है। हमारे लिए देश पहले है फिर संगठन और अंत में हम स्वयं को रखते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आप संगठन की ताकत हैं, आप संगठन का चेहरा हैं। आप जनता के बीच चलती फिरती भाजपा हैं। आने वाले चुनाव में आप लोगों के बीच से ही चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ता आएंगे, उन्हें जिताकर पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संगठन ने आप पर जो भरोसा किया है और आपकी जो ताकत है, उस ताकत के आधार पर विपक्षी दलों के हौसलें पस्त हैं। कांग्रेस के नेता खुद अपनी हार स्वीकार कर चुके हैं और यही कारण है कि दिग्विजयसिंह चुनाव आयोग में जाकर नगरीय निकाय चुनाव को बैलेट पेपर से संपन्न कराने की मांग करते हैं। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि घनघोर परिश्रम करें। हर बूथ को कांग्रेस मुक्त बना दें। पं. दीनदयाल उपाध्याय, बाबा साहेब अंबेडकर की विचारधाराओं को लेकर जो योजनाएं हमारी सरकारों ने चालू की हैं उन्हें नीचे तक उतारने का काम हमारा है। बैठक में प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि हमारा बूथ मजबूत कैसे हो ? और हम एक आत्मनिर्भर बूथ की दिशा में कैसे आगे बढ़ें? इसके लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों के साथ रचनात्मक कार्यों में जुटें। हमारा बूथ सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बने, हमें इस दिशा में काम करना है।

## विधानसभा के प्रत्येक सदस्य के हितों का सरंक्षण मेरा दायित्व : विस अध्यक्ष गौतम



भोपाल(ईएमएस)। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा है कि विधानसभा के प्रत्येक माननीय सदस्य के हितों एवं विशेषाधिकार के संरक्षण का दायित्व मुझे मिला है। मैं पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से इसे निभाउंगा, श्री गौतम ने उम्मीद जताई कि उन्हें पक्ष-विपक्ष सभी सदस्यों का सहयोग मिलेगा और सदन में गंभीर व जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चिंतन-मनन हो इस पर बल दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष गुरूवार को पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। श्री गौतम ने कहा कि जो माननीय सदस्य के हित या विशेषाधिकार होते हैं वे उसके स्वयं के न होकर उस क्षेत्र की जनता के हित होते हैं जहां से वह प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में प्रत्येक सदस्य के हित सरंक्षण का तात्पर्य परोक्ष रूप से जनता के हितों का सरंक्षण है। नए विधायकों को मिलने वाले प्रशिक्षण में नवाचार की आवश्यकता है। विधायकों को जो प्रशिक्षण मिले उसमें सैद्धांतिक के साथ ही व्यवाहरिक पक्ष पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। श्री गौतम ने कहा कि मेरा संसदीय अनुभव है कि सिर्फ तारांकित प्रश्न ही विधानसभा में प्रमुख नहीं अपितु और भी विधा है जिसके माध्यम से माननीय सदस्य अपने क्षेत्र की समस्या को उठाने के साथ ही उसका निदान करवा सकते हैं। इसीलिए नए सदस्यों को इसके प्रशिक्षण की आवश्यकता है कि सदन की कार्यवाही का अपने क्षेत्र के कल्याण के लिए कैसे ज्यादा से ज्यादा उपयोग करे।




## भोपाल में रोको टोको अभियान से मास्क लगाने की सीख

**भोपाल।** जिला प्रशासन के सहयोग संचालित ÷रोको-टोको अभियान के अंतर्गत सीएफआई चैरिटेबल द्वारा मास्क अभियान में जन जागरूक किया गया एवं लोगों को कोरोना से बचाव की समझाइश दी गई और मास्क वितरित किए गए। कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देशन में शहर के हर क्षेत्र में लगातार मास्क लगाने और सख्ती के साथ उसका पालन कराने का अभियान चल रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए है की शासकीय कार्यालयों में मास्क के बिना कोई भी व्यक्ति न आए। सभी कार्यालयों में सैनिटाइजर की व्यवस्था करने के साथ सोशल डिस्टेंस का पालन भी कराया जाए।

# सोलर पंप ने रोका बैगा जनजाति का पलायन

## कुओं से सिंचाई का पानी लेना हुआ आसान

**भोपाल।** बालाघाट जिले में बैगा जनजाति के लोगों का रोजगार के लिये अन्य जिलों और राज्यों में पलायन घट रहा है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग ने बैगा किसानों के खेतों पर सोलर पंप की स्थापना कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई है। इससे बैगा जाति के लोग अब अपने गाँव में ही रुकना पसंद कर रहे हैं। अंधियारो बाई, नजरू और धनसिंह धुर्वे बहुत खुश हैं कि अब अपना घर-द्वार छोड़कर रोजगार के लिये भटकना नहीं पड़ रहा है। बालाघाट से 106 किलोमीटर दूर सघन वन क्षेत्र में स्थित गाँव हीरापुर में अलग-अलग टोलों में बैगा जनजाति के लोग रहते हैं। यहाँ नजरू और उनकी पत्नी सुकवारो बाई सोलर पंप का गुणगान करते नहीं थकते। सुकवारो बाई कहती हैं कि पति की अनुपस्थिति में वह स्वयं सोलर पंप का



संचालन करती हैं। उनकी बाड़ी में लगभग एक साल पहले ऊर्जा विकास निगम ने केवल 3 हजार रूपये लेकर सोलर पंप लगाया था। पंप से अब बढ़िया सिंचाई हो रही है। पहले कुआँ होने के बावजूद ज्यादा उपज नहीं मिल पाती थी। बारिश से थोड़ी-बहुत उपज होती थी। बारिश भी भगवान भरोसे थी। अब धान और उन्हारी की भरपूर फसल ले रही हैं। गाँव पहुँचने वालों को सुकवारो बाई बहुत उत्साह से पंप चलाकर बताती हैं। वह अपने पंप और बाड़े की साफ-सफाई और सुरक्षा बड़े जतन से कर रही हैं। हीरापुर गाँव की ही अंधियारो बाई के खेत पर लगभग एक साल पहले ऊर्जा विकास निगम ने सोलर पंप लगाया था। उनके बेटे बिसरू सिंह ने बताया कि पहले कुआँ होने के बावजूद सिंचाई नहीं कर पाते थे। जीवन बसर करने के लिये गाँव छोड़कर मेहनत-मजदूरी करने बाहर जाना पड़ता था। अब तो हम सोलर पंप से भरपूर सिंचाई करके अपनी जमीन पर ही फसलें उगा रहे हैं, मजदूरी करने बाहर नहीं जाना पड़ता। बाहर गाँव रहने की अपनी दिक्कतें हैं। यह पूछने पर की कभी पंप बिगड़ा है क्या ? बिसरू ने बताया कि एक बार पंप बिगड़ गया था, तो उन्होंने सोलर पंप मशीन के ऊपर लिखे हुए फोन नम्बर पर सूचना दी और उनका पंप 15 दिन के अंदर सुधार दिया गया। ग्राम लिमोटी के बैगा धनसिंह धुर्वे सोलर पंप का इस्तेमाल करके गाँव वालों के लिये एक प्रेरणा स्त्रोत बन गये हैं। इनके गाँव में 10 पंप और लग गये हैं, जिनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। धनसिंह के खेत पर ऊर्जा विकास निगम द्वारा वर्ष 2018-19 में सोलर पंप लगाया गया था। भरपूर पानी मिलने से उनकी वर्षा पर निर्भरता खत्म हो गयी है। सिंचाई सुविधा मिलने से धनसिंह धान, गेहूँ, चना, कोदो-कुटकी की फसल ले रहे हैं। धनसिंह कहते हैं अब रोजगार के लिये बाहर नहीं जाना पड़ता, आय बढ़ने से परिवार में भी खुशी का माहौल है।

# भारत ने इंग्लैंड को 10 विकेट से पछाड़ा सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई





**अहमदाबाद।** फिरकी गेंदबाजों के दम पर भारत ने इंग्लैंड को यहां खेले गए दिन-रात्रि के टेस्ट मुकाबले में 10 विकेट से हरा दिया। यह टेस्ट महज दूसरे ही दिन समाप्त हो गया। इसे साथ ही भारत ने चार मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। साथ ही भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई हो गया है। अब उसकी भिड़ंत न्यूजीलैंड से होगी, जो पहले ही फाइनल में पहुंच चुका है। मैच में 11 विकेट लेने वाले अक्षर पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय स्पिनर्स ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में महज 81 रनों पर समेट दी। इससे भारत को मात्र 49 रनों का लक्ष्य मिला। भारत ने यह लक्ष्य मात्र 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 25 गेंदों पर 25 रन और शुभमन गिल 21 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने यह टेस्ट मैच 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। इससे पहले अक्षर पटेल और आर अश्विन की बलखाती गेंदों के सामने इंग्लिश बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पैवेलियन लौटते चले गए। बेन स्टोक्स 25, कप्तान जो रूट 19 और ओली पोप 12 ही दहाई का आंकड़ा पार कर पाए। चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। स्टुअर्ट ब्रॉड 1 रन बनाकर नाबाद रहे। अक्षर ने दूसरी पारी में कहर ढाते हुए 15 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। वहीं, अश्विन ने उनकी बखूबी साथ दिया और दूसरी पारी में 15 ओवर में 48 रन देकर 4 विकेट झटके। अश्विन ने पहली पारी में 3 विकेट लिए थे। उन्होंने इस मैच में 400 टेस्ट विकेट भी पूरे कर लिए। एक विकेट वाशिंगटन सुंदर को मिला। इससे पहले, भारत की पहली पारी 145 रनों पर समाप्त हुई। भारत ने पहली पारी में मात्र 33 रनों की बढ़त हासिल कर ली। दोपहर में शुरू हुए मुकाबले में रोहित ने 66 रनों की पारी खेली। वे भारतीय पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। आर अश्विन ने 17 रनों की पारी खेली। निचले क्रम में इशांत शर्मा 10 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए कप्तान रूट ने 5 और जैक लीच ने 4 विकेट झटके। भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का चौथा और अंतिम टेस्ट मैच 4 मार्च से इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### मोटेरा में अश्विन ने 11वीं बार बेन स्टोक्स को बनाया शिकार, 600 विकेट लेने वाले 5वें भारतीय खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष सितारा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मोटेरा डे-नाइट टेस्ट में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी है। अपने 77वें टेस्ट में अश्विन ने जोफ्रा आर्चर का शिकार कर अपना 400वां विकेट पूरा किया है। अश्विन श्रीलंकाई गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन (72 टेस्ट) के बाद सबसे तेजी से यह कारनामा किया है। इसके अलावा इस मैच में अश्विन ने 11वीं बार इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन स्टोक्स का शिकार किया। रविचंद्रन अश्विन अब तक 234 मैचों में 602 विकेट ले चुके हैं। उनके नाम 77 टेस्ट मैचों में 400 विकेट, 116 वनडे मैचों में 150 विकेट और 46 टी20 मैचों में 52 विकेट दर्ज है। उनसे ज्यादा विकेट अनिल कुंबले (956), हरभजन सिंह (711), कपिल देव (687) और जहीन खान (610) ने लिए हैं। हालांकि इन सब में अश्विन का स्ट्राइक रेट का सबसे बेहतर है। अश्विन ने ओवरऑल टेस्ट में जिन बाएं हाथ के बल्लेबाजों को सबसे ज्यादा बार आउट किया है, उनमें स्टोक्स सबसे ऊपर हैं। इसके अलावा अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को 10 बार और इंग्लैंड के एलेस्टेयर कुक को 9 बार आउट किया है। अश्विन का यह 77वां टेस्ट मैच है। वे अब तक 400 विकेट ले चुके हैं। इनमें 200 से ज्यादा विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों के हैं।

## स्मिथ को इस बार दिल्ली कैपिटल्स के खिताब जीतने की उम्मीदें



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़कर उत्साहित हैं। स्मिथ को उम्मीद है कि उनकी टीम इस बार खिताब जीतने में सफल रहेगी। स्मिथ ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक वीडियो भी शेयर किया है। दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग 2021 की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के बाद स्मिथ ने उम्मीद जताई है कि वह आगामी सत्र में इस टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में पहला खिताब दिलाने में सफल रहेंगे। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को राजस्थान रॉयल्स ने %रिलीज% कर दिया था। हाल की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 2.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। स्मिथ ने आईपीएल में 95 मैचों में 35.34 की औसत से 2333 रन बनाये हैं। इस बल्लेबाज ने वीडियो शेयर करते हुए कहा, %%मैं वास्तव में इस साल टीम से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। टीम में बहुत अच्छे खिलाड़ी और शानदार कोच रिकी पोंटिंग है। मैं टीम से जुड़ने और उसके साथ कुछ सुखद यादें जोड़ने को लेकर उत्साहित हूं।

### मार्टिन गुप्टिल ने रोहित शर्मा को छोड़ा पीछे

## टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने

**वेलिग्टन।**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड ने 4 रन से जीत दर्ज करते हुए 2-0 से बढ़त बना ली है। मैच में न्यूजीलैंड के ओपनर मार्टिन गुप्टिल (97) रन से अपनी शानदार पारी के कारण वह भारतीय ओपनर रोहित शर्मा का रिकार्ड तोड़ने में कामयाब रहे और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। गुप्टिल ने अपनी पारी के दौरान 50 गेंदों का सामना करते हुए 97 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 8 छक्के शामिल थे और अब उनके नाम टीम क्रिकेट में सबसे ज्यादा 132 छक्के हो गए हैं। वहीं रोहित ने 127 छक्के लगाए हैं। यहां गौर करने वाली बात है कि जहां गुप्टिल ने अभी तक 96 मैच खेले हैं वहीं भारतीय ओपनर (रोहित) ने 108 मैच खेले हैं।



रोहित और गुप्टिल के अलावा फिलहाल किसी भी खिलाड़ी ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 120 छक्कों तक नहीं पहुंचा है। मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुप्टिल, कप्तान केन विलियमसन (35 गेंदों पर 53 रन) और जेम्स नीशम (16 गेंदों पर 45 रन) की पारी की बदौलत 7 विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलिया को 220 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम जोश फिलिप (32 गेंदों में 45 रन), मार्कस स्टोइनिस (37 गेंदों पर 78 रन) और डैनियल सैम्स (15 गेंदों पर 41 रन) 8 विकेट गंवाकर ओवर खत्म होने तक 215 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में 53 रन से जीत मिली थी।

## बायो बबल पर अफरीदी ने सवाल उठाए



**करांची ।** कोरोना महामारी के कारण अब सभी क्रिकेट मुकाबले बायो बबल (जैव सुरक्षा) के घेरे में हो रहे हैं। इस पर कई दिग्गज खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं। इसी कड़ी में अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी भी शामिल हो गये हैं। इस समय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेल रहे अफरीदी ने आईसीसी के बायो बबल के नियमों पर अपनी आपत्ति जताई है। अफरीदी ने आईसीसी को बायो बबल नियम को लेकर ट्विटर पर सवाल भी किया है। अफरीदी ने ट्विटर पर आईसीसी को टैग करते हुए सवाल किया कि मैं हैरान हूं कि मैच में अंपायर्स को गेंदबाजों की कैप पकड़ने की इजाजत नहीं है जबकि दोनों ही एक बायो बबल में रहते हैं और मैच के बाद हाथ भी मिलाते हैं। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी को आईसीसी के इस नियम पर ऐतराज है कि जब खिलाड़ी और अंपायर दोनों ही एक ही बायो बबल सुरक्षा में रहते हैं तो मैच में अंपायर गेंदबाजों की कैप क्यों नहीं पकड़ सकता है। वहीं मैच के बाद खिलाड़ी अंपायर से हाथ मिला सकते हैं उस पर आईसीसी को कोई आपत्ति नहीं है, जो समझ में नहीं आ रहा।

## अपाचे आरआर 310 की कीमत दो हजार बढाई



**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी टीवीएस मोटर ने बाइक अपाचे आरआर 310 की कीमत फिर से दो हजार रुपए बढ़ा दी है। कंपनी ने इस बाइक को कुछ वक्त पहले बीएस6 इंजन के साथ लॉन्च किया था। अब इस बाइक की कीमत 2,49,990 रुपये हो गई है। इस बाइक को कंपनी ने शुरू में 2.40 लाख रुपये में लॉन्च किया था। कंपनी ने जनवरी 2020 में लॉन्च किया था। कंपनी ने इस बाइक की कीमत 3 बार बढ़ाई है। सबसे पहले जुलाई में कंपनी ने इसकी कीमत बढ़ाई थी तब इसकी कीमत 2.45 लाख रुपये हुई। इसके बाद जनवरी 2021 में कंपनी ने फिर इसकी कीमत बढ़ाई तब इस बाइक की कीमत 2.48 लाख रुपये हो गई थी। जनवरी 2020 में लॉन्च इस अपडेटेड बाइक में बीएस6 कम्प्लायंट, 312.2सीसी का इंजन है, जो 9,700आरपीएम पर 34एचपी का पावर और 7,700आरपीएम पर 27.3एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। इंजन स्पिलर क्लच के साथ 6-स्पीड ट्रांसमिशन से लैस है। टीवीएस ने बीएस6 अपाचे आरआर 310 में चार राइडिंग मोड (रेन, अर्बन, स्पोर्ट और ट्रैक) के साथ राइड-बाय-वायर टेक्नॉलजी दी है। मोड के आधार पर इंजन का पावर, थ्रॉटल रेस्पॉन्स और एबीएस की सेटिंग्स बदल जाती हैं। साथ ही मोड के हिसाब से इंस्ट्रूमेंट पैनल की डिस्प्ले थीम भी चेंज हो जाती है।कंपनी का दावा है कि अपाचे आरआर 310 की टॉप स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा है।

## पियाजियो ने लॉन्च किए दो नए इलेक्ट्रिक रिक्शा

### -सिंगल चार्ज पर 110 किलोमीटर तक का देंगे सफर

**नई दिल्ली।** पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने भारत में अपने एफएक्स रेंज (फिक्स्ड बैटरी) के दो इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों को लॉन्च कर दिया है। इनमें आपे ई-सिटी और आपे ई एक्सट्रा शामिल हैं। इन नए इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों में फिक्स्ड बैटरी पैकअप दिया गया है। इनका पैसेंजर और कार्गो दोनों ही सेगमेंट के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ये दोनों ही इलेक्ट्रिक वाहनों में फिक्स्ड बैटरी दी गई है, जिससे ग्राहकों को इनमें फेम ढ्ढढ्ढ सब्सिडी भी मिलेगी। कंपनी ने अपनी आपा ई-एक्स सिटी एफ एक्स की एक्स-शोरूम कीमत 2.84 लाख रुपये रखी है। वहीं, आपे ई-एक्सट्रा एफ एक्स की कीमत 3.12 लाख रुपये है। इन दोनों ही वाहनों के एक्स-शोरूम कीमतों में केरल शामिल नहीं है। पियाजियो की पहली इलेक्ट्रिक ऑटो आपा ई-सिटी की भारत में



पहले से ही बिक्री हो रही है। कंपनी ने इसे भारतीय बाजार साल भर पहले इसे भारतीय बाजार में लॉन्च किया था। इस मॉडल में स्वेपेबल बैटरी मिलती है। कंपनी का कहना है कि बढ़ती मांग के कारण नए इलेक्ट्रिक ऑटो को फिक्स्ड बैटरी के साथ लॉन्च किया गया है। कंपनी भारत में आपे ई-सिटी की बिक्री जारी रखेगी। नए आपे ई-सिटी एफ एक्स इलेक्ट्रिक रिक्शा में 7.5 किले की क्षमता के साथ 48-वोल्ट की लिथियम-ऑयन बैटरी दी गई है। इसमें पावर के लिए 5.44 केडब्ल्युएच का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है, जो 7.3 बीएचपी मैक्सिमम पावर और 29 एनएम पीक टॉर्क जेनरेट करता है। इस इलेक्ट्रिक रिक्शा में 45 किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड दी गई है। वहीं, यह सिंगल फुल चार्ज पर बिना रुके 110 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है। नएआपे ई-एक्सट्रा एफएक्स इलेक्ट्रिक रिक्शा में 8 केडब्ल्युएच की लिथियम-ऑयन बैटरी दी गई है। इसमें पावर के लिए 9.55 केडब्ल्युएच का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है, जो 12.8 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 45 एनएम पीक टॉर्क जेनरेट करता है। इस इलेक्ट्रिक रिक्शा में 45 किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड दी गई है। वहीं, यह सिंगल फुल चार्ज पर बिना रुके 90 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है।

## रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे गिरा

**मुंबई।** स्थानीय अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे नरम पड़कर 72.41 रुपए प्रति डालर पर रहा। एशियाई बाजारों में भी मुद्राओं के नरम पड़ने का असर घरेलू बाजार पर रहा। बाजार सूत्रों के मुताबिक अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले रुपए में कारोबार की शुरुआत 72.35 रुपए प्रति डालर पर हुई। इसके कुछ ही देर बाद इसमें और गिरावट आई और यह 72.41 रुपए तक लुढ़क गया। यह भाव पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले छह पैसे नीचे रहा। पिछले सत्र बुधवार को डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 72.35 रुपए प्रति डालर पर बंद हुई थी। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की मजबूती आंकने वाला डालर इंडेक्स 0.19 प्रतिशत गिरकर 90 अंक पर आ गया। रिलायंस सिक्युरिटीज ने एक शोध पत्र में कहा कि गुरुवार को ज्यादातर एशियाई मुद्राओं में शुरुआत कमजोर रही। इसका कारोबारी धारणा पर असर रहा। इसमें कहा गया है कि तकनीकी रूप से डालर रुपये की विनिमय दर को 72.25 से 72.30 के स्तर पर समर्थन मिलना चाहिए।

## ग्वालियर मे तीन अन्य स्थानों पर दीनदयाल रसोई का शुभारंभ

# कोई गरीब भूखा न सोये यही पं. दीनदयाल का सपना था: सांसद शेजवलकर

**ग्वालियर। पं. दीनदयाल के सपने को साकार करते हुए अंतिम पंक्ती के अंतिम व्यक्ति को भरपेट खाना मिले इसके लिए पं. दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत शहर में तीन नई रसोइहयों का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा भोपाल से वर्चुअली किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा एवं ग्वालियर में तीन नई रसोई के शुभारंभ पर शहरवासियों को शुभकानायें दी।**





बाल भवन के ऑडोटोरियम में किये गए कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र कुशवाह, जगत सिंह कौरव, मुकेश परिहार, पोहपसिंह, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा सहित अपर आयुक्त एवं निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि कोई भी गरीब भूखा न सोये यही पं. दीनदयाल का सपना था यही सपना प्रदेश सरकार का है। गरीबों को कम पैसों में अच्छा भोजन मिले यही हमारा प्रयास रहना चाहिए। उन्होने कहा कि ग्वालियर वासी भी अपनी-अपनी सामर्थ के अनुसार रसोई को संचालित करने में दान दें जिससे और अच्छे से इस रसोई का संचालन किया जा सके। पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि पं. दीनदयाल के सपनों को साकार करने के लिए यह सरकार दृण संकल्पित है। सरकार द्वारा गरीकों के हित के लिए एवं समाजहित में ऐसी योजनायें चलाई जा रही हैं। उन्होने कहा कि हमें भी माह में एक बार इन रसोइहयों पर खाना खाने जाना चाहिए जिससे आमजन में भी खाने की गुणवत्ता के लिए विश्वास बना रहे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि पं. दीनदयाल रसोई में बनने वाले खाने की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाये साथ ही दीनदयाल एक्सप्रेस से वितरित होने वाला खाना समय पर जगह पर पहुंचे। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने इस अवसर पर बताया कि मध्य प्रदेश में सबसे पहले ग्वालियर में ही पहली दीनदयाल रसोई चालू की गई थी वह निरंतर आज भी संचालित की जा रही है। आज तीन नई रसोई का शुभारंभ किया जा रहा है इसके साथ ही शीघ्र ही हजीरा स्थित इंटक मैदान में पं. दीनदयाल रसोई का शुभारंभ किया जायेगा। साथ ही रसोई में मिलने वाला खाना 10 रूपये थाली मिलेगा। शहर में आज से प्रारम्भ की गई तीन नई दीनदयाल रसोई के लोकार्पण के उपरांत सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने राजपायगा रोड नया बाजार पर प्रारम्भ की गई दीनदयाल रसोई का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा सांसद श्री शेजवलकर सहित सभी अतिथियों ने दीनदयाल रसोई में भोजन किया एवं भोजन के उपरांत 200 रूपये दिये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कमल माखीजानी, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, श्री दीपक शर्मा सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

## एटीएम तोड़ने में कामयाब बदमाश को पुलिस ने दबोचा

ग्वालियर। एसबीआई के एटीएम को लूटने के इरादे से पहुंचे एक बदमाश को पुलिस की सजगता से पकड़ लिया गया है। गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 2 बजे चार शहर का नाका एटीएम में बदमाश पहुंचा और पेचकस से मशीन खोलने लगा। काफी हद तक वह सफल भी हो गया था। लेकिन इसी समय पुलिस के 2 जवान गश्त करते हुए वहां से निकले। जवानों को देखकर एटीएम



में लूट का प्रयास कर रहा बदमाश सामान वहीं छोड़कर भाग गया। लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया है। उसके पास से पेचकस, एटीएम तोड़ने के टूल्स एटीएम खोलने के औजार मिले हैं। पुलिस बदमाश से पूछताछ कर रही है।

**क्या है पूरा मामला:** हजीरा थाना क्षेत्र स्थित चार शहर का नाका पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का ़अरू है। गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात 2 बजे एक बदमाश लूट के इरादे से अंदर दाखिल हो गया। उसने आधा शटर डाउन किया और अंदर पेचकस से मशीन को खोलना शुरू कर दिया। मशीन को लगभग खोल भी लिया। इसी समय हजीरा थाना में पदस्थ आरक्षक गौरव सिंह परमार और सैनिक सरदार सिंह गश्त करते हुए वहां से निकले। उनकी नजर ़अरूके आधे लगे शटर पर पड़ी तो संदेह हुआ।

## जिला पंचायत के सीईओ ने संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# हर जनपद पंचायत में कम से कम एक बड़ी जल संरचना का निर्माण कराएँ : कान्याल

ग्वालियर।

**जिले की हर जनपद पंचायत में कम से कम एक बड़ी जल संरचना का निर्माण कराएँ। साथ ही गाँव-गाँव में बड़े पैमाने पर खेत तालाब व मेढ़ बंधान बनाने के लिये स्थल चयन भी जल्द से जल्द करें, जिससे बरसात से पूर्व ये जल संरचनायें बनवाई जा सकें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कान्याल ने कहा कि गाँवों के मुख्य मार्ग के दोनों ओर रखरखाव के पुख्ता इंतजाम के साथ फलदार पौधे रोपने की कार्ययोजना बनाएँ और उस पर अमल भी करें।**



साथ ही पिछले वर्ष हुए वृक्षारोपण स्थल पर गैप फिलिंग का कार्य भी किया जाए। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला बेहतर समन्वय बनाकर ग्रामीण अंचल की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले वर्षों के अधूरे कार्यों को 15 मार्च तक पूर्ण कराएँ। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर देते हुए श्री कान्याल ने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सभी उपयंत्री एवं जनपद पंचायत के अधिकारी नियमित रूप से कार्य स्थल पर पहुँचें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिकों को समय से मजदूरी का भुगतान हो जाए। उन्होंने मनरेगा (महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत निर्धारित मानव दिवस लक्ष्य की पूर्ति करने पर भी विशेष बल दिया। श्री कान्याल ने कहा ग्रामीण अंचल में हर जरूरतमंद को रोजगार दिलाने के लिये मनरेगा के तहत पर्याप्त रोजगारमूलक कार्य शुरू किए जाएं। बैठक में सीएम हैल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। साथ ही कोविड गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य संबंधित विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## अगवा नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया बरामद

**ग्वालियर।** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र से अपहत हुई एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर आरोपी को भी गिरफतार कर लिया है। अपहरण करने वाले ने लड़की को धमकाकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है।जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के प्रगति विहार



निवासी 17 वर्षीय छात्रा दो दिन पहले लापता हो गई। छात्रा के परिजन ने पहले तो अपने स्तर पर छानबीन की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो वह गोला का मंदिर थाना पहुंचे और सूचना दी। इस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। जांच पड़ताल में पता चला कि छात्रा को हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के सिरसौद गांव में रहने वाला रिंकू अपने साथ ले गया है। इसका पता चलते ही पुलिस आरोपी के घर पहुंची, तो पता चला कि आरोपी किसी लड़की को लेकर आया था। एक रात वहां ठहरा और अब दिल्ली जाने के लिए निकला है। इसके बाद पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की और स्टेशन के पास से आरोपी को हिरासत में ले लिया है। लड़की को बरामद कर उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# पत्थर माफिया ने वन अमले पर बरसाई गोलियां

## आधी रात तिघरा के लखनपुरा जंगल में हुआ हमला



**ग्वालियर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चाहे जितने दावे कर लें, लेकिन माफियाराज हावी है। तिघरा के जंगल में पत्थर के अवैध उत्खनन को रोकने पहुंचा वन अमला खुद ही घिर गया। अचानक झाड़ियों से गोलियां बरसने लगीं। माफिया ने 20 मिनट तक रुक-रुक कर गोलियां चलाईं। वन विभाग और एसएएफ के जवानों ने बमुश्किल छिपकर जान बचाई। इस दौरान पत्थर माफिया जेसीबी मशीन के साथ बंधक बने अपने साथी को भी छुड़ा ले गए। घटना गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात 1.40 बजे की है। बताया जा रहा है कि जवान से कार्बाइन छीन ली गई थी। बाद में वह घटनास्थल पर ही पड़ी मिल गई तो पुलिस ने राहत की सांस ली। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।एसडीओ घाटीगाव सर्किल संजीव कुमार ने बताया कि रात को करीब 12.50 बजे सूचना मिली थी कि तिघरा थाना क्षेत्र के लखनपुरा इलाके में खनन माफिया द्वारा पत्थर का अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना पर रेंजर विकास मिश्रा के साथ ही तिघरा चौकी प्रभारी सुनील जेवियर, गेमरेंज सुपरवाइजर शंकर खलको के साथ ही वन विभाग का अमला निकला। साथ में एसएएफ का बल भी था। यह सभी लखनपुरा के जंगल में पहुंचे, जहां एक जेसीबी मशीन से पत्थर का उत्खनन करती मिला। वन विभाग व एसएएफ के बल ने जेसीबी मशीन को घेर लिया और जेसीबी चला रहे ऑपरेटर को अपनी निगरानी में ले लिया। वन अमले ने मशीन जब्त कर एक ऑपरेटर को पकड़ा ही था कि तभी अचानक जंगल की झाड़ियों से फायरिंग शुरू हो गई। वन अमले को संभलने का मौका ही नहीं मिला। जवान अपनी राइफल तक नहीं निकाल पाए। किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। रुक-रुक माफिया गोली चला रहे थे। इसी दौरान वे अपनी जेसीबी मशीन और ऑपरेटर को छुड़ा ले गए। गोलीबारी की सूचना पुलिस को दी गई। जब तक पुलिस पहुंची माफिया सामान समेटकर भाग चुके थे। माफिया ने हमला करने के बाद एक एसएएफ जवान ने कार्बाइन लूट ली है। यह खबर पुलिस के पास पहुंची थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन की तो कार्बाइन वहीं पड़ी मिल गई है।

## जेएएच में पकड़े दो फर्जी स्वास्थ्य कर्मचारी

**ग्वालियर।** अंचल के सबसे बडे जयारोग्य अस्पताल की माधव डिस्पेंसरी में दलालों के जमावडे के साथ शुक्रवार को अस्पताल अधीक्षक, प्रबंधक व सहायक प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान दो फर्जी स्वास्थ्य कर्मचारियों को पकड़ा। दोनों ही फर्जी स्वास्थ्य कमिहयों को पुलिस के हवाले किया गया है। वहीं पुलिस तथा अस्पताल प्रबंधन मामले की जांच कर रहा है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह जेएएच के अधीक्षक आरकेएस धाकड़, प्रबंधक अनिल मेवाफरोस सहित सहायक प्रबंधक माधव डिस्पेंसरी में राउंड के लिए निकले। जब वह हड्डी जोड़ विभाग में पहुंचे तो उन्हें दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगी। एक नर्स जब उन्होंने पूछा ये दोनों कौन हैं तो उन्होंने बताया कि किसी मरीज के साथ हैं। लेकिन जब अफसरों ने दोनों युवकों से पूछा वे यहां पर क्या कर रहे हैं तो उन्होंने बताया कि वे यहां पर नौकरी करते हैं। शक होने पर विभाग में पदस्थ नर्स सुशीला से जब अफसरों ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि दोनों को अन्नू लोधी के कहने पर रखा है। इसके बाद अफसर दोनों युवकों को लेकर कार्यालय पहुंचे और दोनों को पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए फर्जी कर्मचारियो के नाम भरतपुर निवासी अजीत व तारागंज ग्वालियर निवासी मोहित बताए गए है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए कर्मचारी अजीत ने बताया कि उसे उसके साढू अन्नू लोधी ने 1 लाख 20 हजार रुपए लेकर अस्पताल में ड्रेसर के पद पर रखवाया है। इसके लिए उसने ऑफर लेटर भी दिया है। अभी नौकरी करते हुए 10 दिन हुए हैं। अभी वेतन भी नहीं मिला है।

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह आज ग्वालियर आयेंगे



**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह 27 फरवरी को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। श्री कुशवाह इस दिन प्रातःकाल 5.30 बजे जबलपुर निजामुद्दीन एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पर आम जनों से भेंट करेंगे। इसके बाद शहर में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री कुशवाह अपरान्ह 3 बजे बाल भवन पहुँचकर मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य मंत्री इस दिन अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे और ग्वालियर में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

# भारत बंद के दिन ग्वालियर के बाजारों में सुबह से सन्नाटा पसरा रहा

ग्वालियर।

**जीएसटी के जटिल प्राविधानों के विरोध में गुरूवार को भारत व्यापार बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। शहर के जिन प्रमुख बाजारों में सुबह होते ही भीड़ के कारण जाम के हालात बन जाते थे वहां आज सुबह से ही सन्नाटा पसरा हुआ था। दाल बाजार, लोहिया बाजार,, स्टेशन बजरिया इलाके में व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद रखकर भारत व्यापार बंद को समर्थन दिया हालांकि गली मोहल्लों में दूध, सब्जी और किराने की दुकानें जरूर खुली रही है जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली।**



दाल बाजार- जिले ही नहीं बल्कि ग्वालियर चंबल अंचल के लोग यहां से किराना की खरीदी करने पहुंचते है। यहां भीड़ के कारण सुबह से ही जाम के हालात बन जाते है। शुक्रवार को सुबह बाजार में लगभग सभी दुकानें बंद थी। कुछ लोगों ने दुकान खोली भी थी लेकिन वह व्यापार नहीं कर रहे थे। ऐसे में कई लोग जो दूर दराज के इलाकों से सामान लेने के लिए पहुंचे थे उनको परेशान होकर वापस लौटना पड़ा है। ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ ने भी बंद का समर्थन किया है ऐसे में मेला घूमने पहुंचे सैलानियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। मेले में झूला, खानपान सेक्टर सहित लगभग सभी दुकानें बंद रही है। वहीं स्टेशन बजरिया इलाके में काफी संख्या में होटल एवं अन्य प्रतिष्ठान है। ट्रेन से आने वाले यात्रियों को खाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। शुक्रवार को भारत व्यापार बंद के आह्वान के चलते स्टेशन बजरिया में सभी दुकानें बंद रही है। ऐसे में ट्रेन से आने वाले यात्रियों को भोजन के लिए खासी परेशानी झेलना पड़ी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478